उज्जैन
शुक्रवार
26
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-233
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

पेज 3 ▸ रात 10 से 3 बजे के बीच 370 संपत्तिकर खातों में मालिक के नाम बदले
पेज 7 ▸ आयरलैंड से पहला टी-20 आज, वैभव सूर्यवंशी आज इंटरनेशनल डेब्यू कर सकते हैं

# वेनेजुएला भूकंप में अब तक 235 की मौत

## 4300 से ज्यादा घायल, सरकार बोली- 39,000 लोग लापता, मलबे के नीचे से आवाजें आ रहीं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराकस, वेनेजुएला**

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में आए दो भूकंप में अब तक 235 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। जबकि 4300 से ज्यादा लोग घायल हैं। वेनेजुएला में बुधवार यानी 25 जून को साल 1821 के काराबोबो युद्ध की याद में राष्ट्रीय अवकाश था। इसलिए ज्यादातर लोग घरों में थे और फीफा वर्ल्ड कप मैच देख रहे थे। इससे मलबे में दबने वालों की संख्या ज्यादा होने की आशंका है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मलबे के अंदर से आवाजें आ रहीं हैं। सरकार ने देर रात बताया कि 39 हजार से ज्यादा लोग लापता हैं। भूकंप की भयावहता की असल तस्वीर अभी आना बाकी है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप से 10 हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने की 44% आशंका है। वहीं, एक लाख लोगों के जान गंवाने की 30% आशंका है। इस आपदा से वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था को 9.5 लाख करोड़ रुपए के नुकसान हो सकता है। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने आपातकाल लगा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड्रिग्ज से बात कर मदद की पेशकश की है।

**वठ अतिरिक्त रेस्क्यू टीमें भेजेगा, 1.5 करोड़ डॉलर का फंड भी जारी-** संयुक्त राष्ट्र ने वेनेजुएला में राहत और बचाव अभियान तेज करने का फैसला किया है। वठ के मानवीय सहायता प्रमुख टॉम फ्लेचर ने कहा कि दुनिया के कई देशों से अतिरिक्त सर्च एंड रेस्क्यू टीमें भेजी जा रही हैं। साथ ही आपातकालीन राहत कोष से 1.5 करोड़ डॉलर (15 मिलियन डॉलर) जारी किए गए हैं। टॉम फ्लेचर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि फिलहाल हर घंटा बेहद अहम है।

### अमेरिका ने वेनेजुएला में मदद भेजी

- अमेरिका ने वेनेजुएला में शुरूआती मदद भेज दी है। ये सहायता अमेरिकी सदर्न कमांड ने भेजी है। अमेरिकी सदर्न कमांड दक्षिण अमेरिका और कैरिबियाई देशों की जिम्मेदारी संभालती है।
- सदर्न कमांड ने बताया, 'ट्रांसपोर्ट शिप वरर फोर्ट लॉडरडेल और लड़ाकू जहाज वरर बिलिंग्स के जरिए मदद भेजी गई है।' साथ ही अमेरिका, वेनेजुएला में रेस्क्यू टीमें, मेडिकल और मानवीय सहायता भी पहुंचा रहा है।



### घायलों की संख्या बढ़कर 4,300 हुई

- वेनेजुएला भूकंप में घायलों की संख्या बढ़कर 4,300 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सबसे ज्यादा प्रभावित उत्तरी तटीय राज्य ला गुआइरा में बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं।
- उन्होंने कहा कि प्रभावित इलाकों के अस्पताल मरीजों से भर चुके हैं। इसी वजह से सरकार ने फील्ड हॉस्पिटल शुरू किए हैं, ताकि घायलों का तुरंत इलाज किया जा सके।
- स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। बचाव दल मलबा हटाकर लोगों की तलाश कर रहे हैं, जबकि अस्पतालों और फील्ड हॉस्पिटल में घायलों का इलाज चल रहा है।

### ला गुआइरा में 70 हजार से ज्यादा परिवार प्रभावित

- वेनेजुएला के सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य ला गुआइरा में भूकंप से 70 हजार से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए हैं। गृह मंत्री डियोसदादो काबेलो ने बताया कि राज्य में 100 से ज्यादा इमारतें ढह गई हैं। काबेलो ने कहा कि राहत और बचाव अभियान तेज करने के लिए प्रभावित राज्य में तैनात कर्मियों की संख्या 4,200 से बढ़ाकर 11,500 की जा रही है।
- सरकार का कहना है कि मलबे में फंसे लोगों को निकालने, घायलों तक मदद पहुंचाने और प्रभावित परिवारों को राहत उपलब्ध कराने का काम लगातार जारी है। वेनेजुएला की नेशनल असेंबली के प्रेसिडेंट जॉर्ज रोड्रिग्ज ने बताया कि ला गुआइरा में 250 इमारतों को या तो नुकसान पहुंचा या वे खत्म हो गईं। बीबीसी ने बताया कि यहां एक 10 मंजिल की इमारत मलबे में तब्दील हो गई।

### जुलाई से नॉर्मल कैटेगरी पासपोर्ट 2,500 और तत्काल 5,000 रु. में बनेगा

**नई दिल्ली।** 1 जुलाई से पासपोर्ट बनवाना या री-इश्यू कराना महंगा हो जाएगा। केंद्र सरकार ने पासपोर्ट की फीस बढ़ाने का फैसला किया है। 36 पेज वाले सामान्य पासपोर्ट की फीस 1,500 रुपए से बढ़कर 2,500 रुपए हो जाएगी। वहीं, तत्काल पासपोर्ट के लिए अब 5,000 रुपए देने होंगे, जो पहले 3,500 रुपए थी। 60 पेज वाले पासपोर्ट की फीस भी बढ़ाई गई है। इसकी सामान्य फीस 2,000 रुपए से बढ़कर 3,500 रुपए और तत्काल फीस 4,000 रुपए से बढ़कर 6,000 रुपए हो जाएगी। मंत्रालय ने पासपोर्ट रूल्स, 1980 में संशोधन के बाद नई दरों को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। ये बढ़ोतरी 14 साल बाद की गई है। इससे पहले 2012 में फीस में बदलाव हुआ था।

### दावा-केतन को धक्का देने के बाद सिया मदद को चिल्लाई

**पुणे।** पुणे में मंगेतर केतन अग्रवाल मर्डर केस में नया खुलासा हुआ है। केतन को जिस लोहगढ़ किले से धक्का दिया गया था। वहां के गार्ड ने बताया कि उसने सिया के चिल्लाने की आवाज सुनी थी। गार्ड धीरज जाधव के मुताबिक, चीख-पुकार सुनकर वह मौके पर पहुंचे तो मुख्य आरोपी और केतन की मंगेतर सिया गोयल मदद के लिए चिल्ला रहे थे। मैंने सिया गोयल से पूछा क्या हुआ, तो उसने कहा कि यहां से कोई गिर गया है। इसके बाद मैंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। उधर सिया गोयल की मां पूजा गोयल ने कहा, इस मामले में कोई भी दोषी है तो उसे सबसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए। अगर मेरी बेटी दोषी है, तो उसे भी उसी जगह से नीचे फेंक देना चाहिए, जहां से केतन को धक्का दिया गया था।

### नाटो देशों ने जंग में अमेरिका का साथ दिया इन्हें जवाबदेह ठहराया जाए

**तेल अवीव।** ईरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हुए हमले में साथ देने वाले नाटो मेंबर देशों को इसके लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने सोशल मीडिया पर कहा कि ठअळड चीफ मार्क रूट ने खुद माना है कि इटली और रोमानिया ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में अमेरिका का साथ दिया था। बघेई ने कहा कि इन्हें अपने नागरिकों और पूरी दुनिया को बताना चाहिए कि उन्होंने अमेरिका और इजराइल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ इस कार्रवाई का समर्थन क्यों किया। होर्मुज स्ट्रेट में एक कॉमर्शियल जहाज पर किसी अज्ञात प्रोजेक्टाइल, यानी हमलावर हथियार से अटैक हुआ। ब्रिटेन की यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस, यानी यूकेएमटीओ ने इसकी जानकारी दी है।

### राहुल गांधी के मानहानि मामले में हाई कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**जबलपुर।** कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जुड़े बहुचर्चित मानहानि प्रकरण में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई पूरी करने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। यह मामला वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए एक बयान से जुड़ा है, जिसके आधार पर तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान ने भोपाल की एमपी-एमएलए विशेष अदालत में मानहानि का परिवाद दायर किया था। अब सुनवाई के दौरान राहुल गांधी द्वारा खेद व्यक्त किए जाने और कार्तिकेय चौहान द्वारा उन्हें क्षमा करने की इच्छा जताने के बाद इस लंबे समय से चले आ रहे विवाद के सौहार्दपूर्ण समाधान की संभावना मजबूत होती दिखाई दे रही है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ में हुई।

### मोहाली के जिम में एक्सरसाइज करते युवक की मौत

**मोहाली।** मोहाली के जिम में एक्सरसाइज करते हुए चंडीगढ़ के युवक की मौत हो गई। 23 साल का युवक लैग्स की एक्सरसाइज कर रहा था, इसी दौरान वह नीचे गिर पड़ा। जिस वक्त ये घटना हुई, उसकी पत्नी व दोस्त भी उसके साथ ही वर्कआउट कर रहे थे। युवक के नीचे गिरते ही जिम में हड़कंप मच गया। इसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की 5 महीने पहले ही शादी हुई थी। पुलिस ने जिम के उउळत फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हालांकि इस दर्दनाक घटना को लेकर जिम प्रबंधन कुछ भी कहने से इनकार कर रहा है। जिम पर सवाल उठ रहा है कि इस दौरान वहां कोई ट्रेनर था या नहीं। इस मामले में पुलिस का कहना है कि परिवार के बयान दर्ज कर इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। अगर जिम मैनेजमेंट के लेवल पर लापरवाही बरती गई तो उसकी भी जांच की जाएगी।

### अमेरिका में बच्ची से रेप केस में स्नैपचैट पर मुकदमा

**मिसौरी।** सोशल मीडिया एप स्नैपचैट की मूल कंपनी स्नैप पर अमेरिका के मिसौरी में मुकदमा दायर किया गया है। इस मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि प्लेटफॉर्म 12 साल की बच्ची के बलात्कार के लिए जिम्मेदार है। आरोप लगाया गया है कि स्नैपचैट के क्विक एड और स्नैप मैप जैसे फीचर्स के जरिए आरोपी गैब्रियल जोएल वैलेंटीन-रियोस ने जेएफ नाम की लड़की को शिकार बनाया। एप की मदद से वह उससे जुड़ पाया और उसे बहला-फुसला सका। कथित रूप से स्नैपचैट के क्विक एड फीचर ने 25 साल के वैलेंटीन-रियोस को जेएफ और उसी इलाके की अन्य नाबालिग लड़कियों से जुड़ने का सुझाव दिया।

### साधना और शक्ति आराधना का विशेष पर्व

# 15 जुलाई से शुरू होगी आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि इस वर्ष 15 जुलाई से प्रारंभ होकर 23 जुलाई तक मनाई जाएगी। यह नवरात्रि विशेष रूप से माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों के साथ-साथ दस महाविद्याओं की साधना, तंत्र-मंत्र और आध्यात्मिक अनुष्ठानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। शारदीय और चैत्र नवरात्रि की तरह इसमें सार्वजनिक उत्सव कम होते हैं, लेकिन साधकों और श्रद्धालुओं के लिए इसका धार्मिक महत्व अत्यधिक होता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार गुप्त नवरात्रि में देवी भगवती की आराधना करने से साधक को आध्यात्मिक शक्ति, मानसिक शांति और जीवन की बाधाओं से मुक्ति प्राप्त होती है। इस दौरान साधक विशेष मंत्र-जप, हवन, यज्ञ, दुर्गा सप्तशती का पाठ और महाविद्याओं की उपासना करते हैं।



### क्यों कहलाती है गुप्त नवरात्रि?

आषाढ़ और माघ माह में आने वाली नवरात्रियों को गुप्त नवरात्रि कहा जाता है। इसका कारण यह है कि इन दिनों की साधनाएं प्रायः एकांत में, गुरु के मार्गदर्शन में और गोपनीय रूप से की जाती हैं। तांत्रिक साधना, सिद्धि प्राप्ति और आध्यात्मिक उन्नति के लिए यह समय अत्यंत शुभ माना जाता है।

### नौ दिनों तक करें देवी आराधना

गुप्त नवरात्रि में श्रद्धालु कलश स्थापना कर नौ दिनों तक माता की पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती का पाठ, श्रीसूक्त एवं देवी कवच का पाठ करते हैं। सात्विक भोजन, ब्रह्मचर्य, संयम और नियमित मंत्र-जप का विशेष महत्व बताया गया है। अष्टमी और नवमी तिथि पर कन्या पूजन एवं हवन के साथ व्रत का समापन किया जाता है।

### क्या है धार्मिक संदेश?

गुप्त नवरात्रि केवल सिद्धि प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, आत्मसंयम और ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण का भी पर्व है। यह साधना मनुष्य को बाहरी सफलता के साथ-साथ आंतरिक शक्ति, सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने का संदेश देती है। श्रद्धा, नियम और गुरु के मार्गदर्शन में की गई देवी उपासना जीवन में सुख, समृद्धि और मंगल का मार्ग प्रशस्त करती है।

### दस महाविद्याओं की साधना का विशेष महत्व

गुप्त नवरात्रि में माँ काली, तारा, षोडशी (त्रिपुर सुंदरी), भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला महाविद्याओं की उपासना का विशेष विधान है। मान्यता है कि इनकी साधना से साधक को आत्मबल, ज्ञान, वैराग्य, शत्रु बाधा से रक्षा और आध्यात्मिक सिद्धियों की प्राप्ति होती है।

### कॉमर्शियल एलपीजी से लिमिट हटी

# अब 100% सप्लाई होगी

## केंद्र सरकार का फैसला, इंडस्ट्रीज के लिए बल्क सप्लाई पर लगी रोक भी हटी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने राज्यों को एक बार फिर एलपीजी सप्लाई बढ़ाने का निर्देश दिया है। सरकार ने कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर सप्लाई पर लगी सभी सेक्टर-वाइज पाबंदियां हटा दी हैं। गैस संकट को देखते हुए सरकार ने कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर सप्लाई में कटौती की थी।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि इसके अलावा, गैस संकट की शुरूआत में इंडस्ट्रीज को रोकी गई बल्क एलपीजी की सप्लाई में भी ढील दी गई है। इसे संकट से पहले की खपत के स्तर का 50% कर दिया गया है। यह बहाली एलपीजी सप्लाई की स्थिति में हाल ही में हुए सुधार के बाद की गई है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि घरेलू स्तर पर एलपीजी के उत्पादन में सुधार और विदेशों से आने वाले एलपीजी कार्गो के भारत पहुंचने की उम्मीद के बाद कॉमर्शियल सप्लाई पर लगी रोक हटा ली गई है। इसके अलावा संकट की शुरूआत में पूरी तरह रोक दी गई बल्क एलपीजी की सप्लाई को भी पहले की कुल खपत (प्री-क्राइसिस लेवल) 50% स्तर तकरूप से दोबारा शुरू कर दिया गया है, जिससे बड़े औद्योगिक उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी।

सप्लाई चेन सुधरने के बाद अब सरकार ने सी3 और सी4 हाइड्रोकार्बन स्ट्रीम्स के डायवर्जन को कम करने का फैसला किया है। इससे पेट्रोकेमिकल और अन्य डाउनस्ट्रीम उद्योगों को उनका पुराना कोटा वापस मिल सकेगा।

# अटल आवास ठगी में पकड़ी गई प्रमिला का नेटवर्क

## 'फर्जी नियुक्ति पत्र से बना दिए आईएफएस अफसर, बैंक क्लर्क और रेलवे कर्मचारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

अटल आवास ठगी में गिरफ्तार प्रमिला तिवारी के कई और बड़े फर्जीवाड़ा सामने आया है। जांच में पता चला है कि उसका गिरोह सरकारी विभागों के फर्जी नियुक्ति पत्र बनाकर बेरोजगारों को आईएफएस अधिकारी, बैंक क्लर्क और रेलवे कर्मचारी तक बनाने का झांसा देता था। एम्स, वन विभाग, नगर निगम और रेलवे के नाम पर लाखों रुपए की वसूली के आरोप सामने आने के बाद कई पीड़ित पुलिस के पास पहुंचे हैं।

जांच में भोपाल, रीवा, जबलपुर, बैतूल और सतना के 7 पीड़ितों के मामले सामने आए हैं। इनमें नौकरी, आवास और पेंशन के नाम पर ठगी के आरोप हैं। कोटरा सुल्तानाबाद निवासी प्रतीक सोनी से अटल आवास योजना में फ्लैट दिलाने के नाम पर 1.80 लाख रुपए लेने का आरोप है। फर्जी रसीद और अलॉटमेंट लेटर की जांच के बाद मामला खुला। इसी शिकायत पर टीटी नगर पुलिस ने प्रमिला को गिरफ्तार किया था। करोंद के राहुल विश्वकर्मा से 2.50 लाख और नवीन सौंधिया से 55 हजार लेकर निगम में सर्वेयर की नौकरी का झांसा दिया।

# बीजेपी के 7 लाख वर्कर्स की होगी ऑनलाइन परीक्षा

**भोपाल।** बीजेपी अपने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को चरण बद्ध तरीके से प्रशिक्षण दे रही है। जिला और मंडल स्तर पर बीजेपी के प्रशिक्षण वर्ग पूरे हो चुके हैं। अब बीजेपी बूथ और मंडल के मोर्चा की टीम में शामिल करीब 7 लाख वर्कर्स को डिजिटल लर्निंग सिखाने जा रही है। बीजेपी की 65 हजार से ज्यादा बूथ समितियों में शामिल कार्यकर्ताओं और मंडल स्तर के 6 मोर्चों की कार्यकारिणी में शामिल पदाधिकारियों को संगठन एप के जरिए डिजिटल लर्निंग यानी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# 419 करोड़ के एलयूसीसी चिटफंड घोटाले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ देहरादून**

बहुचर्चित एलयूसीसी चिटफंड घोटाले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में फैली 23 संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। एजेंसी के अनुसार यह कार्रवाई लूनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसायटी (एलयूसीसी) से जुड़े उस बहुचर्चित निवेश घोटाले में की गई है, जिसमें 1.60 लाख से अधिक निवेशकों के साथ लगभग 419 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी किए जाने का आरोप है। अब तक लगभग 25 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां कुर्क की जा चुकी हैं और जांच एजेंसी का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य परिसंपत्तियों की भी पहचान की जा रही है। सीबीआई के अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपितों ने निवेशकों से एकत्रित धनराशि का उपयोग विभिन्न राज्यों में अचल संपत्तियां खरीदने में किया।

**तीन राज्यों में 23 संपतियां जब्त**

### अदालत ने कुर्क करने की अनुमति दी

जांच के दौरान जिन संपत्तियों का पता चला, उन्हें गैर-विनियमित जमा योजनाएं प्रतिबंध अधिनियम (बड्स अधिनियम) के प्रावधानों के तहत जब्त करने की कार्रवाई शुरू की गई। एजेंसी का कहना है कि यह कार्रवाई निवेशकों के हितों की रक्षा और अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से की गई है। जांच एजेंसी के अनुसार उत्तराखंड में छह संपत्तियां सक्षम प्राधिकारी के आदेश पर कुर्क की गई हैं। उत्तर प्रदेश में नामित बड्स अदालत की अनुमति के बाद 16 संपत्तियों को जब्त किया गया है। वहीं महाराष्ट्र में मुंबई स्थित एक संपत्ति को भी नामित अदालत ने कुर्क करने की अनुमति दे दी है। सीबीआई ने बताया कि मुंबई स्थित संपत्ति के संबंध में उत्तराखंड के सक्षम प्राधिकारी से औपचारिक आदेश प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है।

### रिटर्न का लालच देकर बड़ी मात्रा में धनराशि जमा कराई

एलयूसीसी प्रकरण पिछले कुछ वर्षों में उत्तराखंड के सबसे बड़े वित्तीय घोटालों में गिना जा रहा है। आरोप है कि सोसायटी ने निवेशकों को अधिक ब्याज और आकर्षक रिटर्न का लालच देकर बड़ी मात्रा में धनराशि जमा कराई। हजारों लोगों ने अपनी जीवनभर की बचत इस योजना में निवेश की, लेकिन बाद में भुगतान बंद होने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि बड़ी संख्या में जमाकर्ताओं को उनका पैसा वापस नहीं मिला, जिससे लाखों परिवार आर्थिक संकट में आ गए। सीबीआई के अनुसार इस पूरे मामले में लगभग 800 करोड़ रुपये की जमा राशि एकत्र की गई थी।

### कोलकाता गोदाम हादसे में मरने वालों की संख्या 11 हुई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता**

कोलकाता के गोदाम हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 11 हो गया है। गुरुवार को 6 और लोगों के शव मिले। इसके अलावा, अब तक 20 लोगों को बचाया गया है। इनमें 2 आईसीयू में है। 18 की हालत खतरे से बाहर है।

हादसे के करीब 26 घंटे बाद भी सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, कोलकाता पुलिस, दमकल विभाग, सेना और अन्य एजेंसियां संयुक्त रूप से मलबा हटाने और फंसे लोगों की तलाश में जुटी हैं। सेना ने इसके लिए ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार सिस्टम भी लगाया है।

प्रशासन ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इसकी वजह निर्माण संबंधी तकनीकी खामी या संरचनात्मक कमजोरी की आशंका जताई जा रही है। इस मामले में अब तक 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कोलकाता नगर निगम क्षेत्राधिकार में आने वाली सभी निमार्णाधीन प्रोजेक्ट्स का ऑडिट कराने की घोषणा की है।



## खबर एक नजर...



### निर्जला एकादशी पर श्री बांके बिहारी को लगा आम का भोग, दिनभर चले भजन

**उज्जैन।** गुरुवार को निर्जला एकादशी पर अंकपात, मंगलनाथ मार्ग स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में 51 किलो आम का भोग लगाया गया। गुरुवार सुबह 8 बजे श्रृंगार के बाद श्री बांके बिहारी की आरती हुई जिसमें आम का भोग लगाया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। मंदिर संस्थापक पं. हरिनारायण शास्त्री ने बताया एकादशी पर दिन में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने भगवान श्री बांके बिहारी की भजन-नृत्य से आराधना की।

### समाज में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए गजानंद रामी सम्मानित

**उज्जैन।** माली समाज के सक्रिय कार्यकर्ता और 'वनमाली' पत्रिका के संपादक गजानंद रामी को समाज में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय माली महासंघ के जिलाध्यक्ष किशोर कुमार भाटी ने बताया कि सम्मान के दौरान उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री सुभाष चंद्र डोडिया, दौलतगंज मंडल प्रभारी अशोक केथवास, दौलतगंज मंडल अध्यक्ष विजय चौहान, मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद डोडिया और रितेश परमार, मंडल महामंत्री विनोदिनी पाटीदार, मंडल मंत्री उमेंद्र परमार, बूथ अध्यक्ष समीर कश्यप, विक्रमादित्य मंडल अध्यक्ष विक्रम ठाकुर सहित प्रेस फोटोग्राफर दिनेश सोलंकी मौजूद रहे।

### झूलेलाल की दिव्य महाआरती आज, टीवी और सोशल मीडिया की हस्तियां होंगी शामिल

**उज्जैन।** गीता कॉलोनी स्थित श्री वरुण देव अखंड ज्योति मंदिर में आज 26 जून को सुबह 9:30 बजे इष्ट देव भगवान झूलेलाल की भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में देश की जानी-मानी हस्तियां विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मुख्य संयोजक पवन खुबानी के नेतृत्व में होने वाली इस महाआरती में सिंधी कंटेंट क्रिएटर सिमर रंजन वाधवानी और सोनी टीवी के धारावाहिक श्रीमद रामायण फेम संगीता ओडवाणी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। मंदिर अध्यक्ष मोहनलाल वासवानी ने बताया कि मुख्य आयोजन में भगवान झूलेलाल के साथ-साथ प्रथम पूज्य श्री गणेश, शिव-पार्वती, लक्ष्मी-विष्णु, सिंधी समाज की कुलदेवी हिंगलाज माता एवं छड़ी साहब की भी विशेष आरती की जाएगी। मंदिर समिति ने समस्त सिंधी समाज से अपील की है कि वे सपरिवार इस दिव्य महाआरती में शामिल होकर दर्शन का लाभ लें।

### बिना दहेज निकाह करने वाले युवाओं को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**उज्जैन।** समाज में फैली दहेज प्रथा जैसी कुरीति को खत्म करने के उद्देश्य से सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी ने एक सार्थक पहल की है। संस्था द्वारा ऐसे युवाओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा, जो बिना दहेज के निकाह करेंगे।

सोसायटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल और संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व भारत रत्न खान अब्दुल गफ्फार खान की स्मृति में 30 जून को निशुल्क निकाह कार्यक्रम और एजाजी जलसा आयोजित किया जाएगा।

# जय महेश के जयघोष से गूंजा उज्जैन, बारिश में निकला भगवान महेश का भव्य रथ

## अनिल जैन कालूहेड़ा ने उज्जैन नगर माहेश्वरी सभा को 10 लाख देने की घोषणा की, दो दिवसीय महोत्सव में बड़ी संख्या में समाजजन हुए शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन नगर माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष संजय लड्ढा एवं सचिव राजेश पलोड़ के नेतृत्व में आयोजित दो दिवसीय महेश नवमी महोत्सव (21 एवं 23 जून) के सभी आयोजन अत्यंत भव्य एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में लगभग 2,000 समाजजनों की सहभागिता रही तथा दोनों दिनों में महाप्रसादी एवं सहभोज का भव्य आयोजन किया गया।

उज्जैन नगर माहेश्वरी सभा के प्रचार मंत्री नितिन बाहेती ने बताया कि अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा द्वारा अधिकृत उज्जैन नगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में समाज की एकता, सेवा, संस्कार एवं संगठन का अद्भुत स्वरूप देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सर्वश्री योगेश मंडोवरा, अभिनंदन सारड़ा एवं निलेश हेड़ा ने समस्त व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया। महोत्सव का शुभारंभ 23 जून की प्रातः श्री महेश धाम स्थित श्री बिल्केश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव एवं भगवान महेश के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजजन महेश जी पलोड़, महेश जी लड्ढा, चंद्रशेखर माहेश्वरी एवं नरेंद्र जी मंत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। सायंकाल निकास चौराहा से अंकपात मार्ग स्थित श्री महेश धाम तक भगवान महेश का भव्य चल समारोह निकाला गया।

चल समारोह के संयोजक गोविन्द चितलांग्या, सौरभ मालपानी, अंकित हेड़ा, राहुल राठी, आदेश लड्ढा, राम लखोटिया ने रिमझिम बारिश में भी समाजजनों के उत्साह को कम नहीं होने दिया। भगवान महेश का सुसज्जित रथ आकर्षण का केंद्र रहा तथा जय महेश के गगनभेदी जयघोषों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा।

चल समारोह में उज्जैन उत्तर के लोकप्रिय विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा भी शामिल हुए। उन्होंने भगवान महेश के रथ के साथ पैदल चलकर समाजजनों का अभिवादन किया तथा उज्जैन नगर माहेश्वरी सभा के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों की सराहना करते हुए सभा के लिए ?10 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की। उनकी इस घोषणा का उपस्थित समाजजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। संस्था के कोषाध्यक्ष राकेश चितलांग्या द्वारा विधायक जी का आभार प्रकट किया गया।

चल समारोह में विष्णु जाजू, वीरेंद्र लड्ढा, पुष्कर बाहेती, श्याम पलोड़, महेंद्र कुमार परवाल, रमेशचंद्र हेड़ा, अंबालाल भंसाली, राजेंद्र समदानी, कैलाश डागा, मुकेश लड्ढा, नरेंद्र लड्ढा, नवल किशोर माहेश्वरी, प्रमोद जेथलिया, प्रदीप सोमानी, विशाल लड्ढा, अरुण परवाल, मयूर मूंदड़ा, गौरव मालपानी, आनंद झंवर, मयंक अगाल, रूपकिशोर बजाज, अजय गगरानी, राहुल साबू, नरेंद्र चित्लांग्या, राकेश काकाणी, शैलेन्द्र राठी, जयप्रकाश राठी, आदेश लड्ढा, महेश बसेर, नितेश कासट, सौरभ लखोटिया, मयंक परवाल, वैभव खटोड़, पुनीत मालपानी, सुधीर बाहेती, राहुल हेड़ा, अमित हेड़ा, अजय हेड़ा, वल्लभ चांडक, के.के. अटल, अभिषेक चित्लांग्या, अंकित सोमानी, ब्रजेश राठी, दीपक सोमानी, मनीष राठी, ओमप्रकाश भूतड़ा, विजय गगरानी, दीपक झंवर, नरेंद्र राठी, प्रकाश सोडाणी, रोहित तोतला, विनोद काबरा, मितेश लड्ढा, ईशांत माहेश्वरी, अभिषेक मूंदड़ा, भरत खड़लोया, कृष्णकांत खड़लोया, राजीव सोमानी, अंकुर जाजू, अमन भूतड़ा एवं अनुपम परवाल सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल हुए। मातृशक्ति की ओर से ऊषा सोडाणी, ऋतु समदानी, कविता सोडाणी, सुनीता लड्ढा, गरिमा लड्ढा, विधि मालपानी, प्रियंका भूतड़ा, कृष्णा जाजू, मधु लड्ढा, श्वेता समदानी, सीमा पलोड़, सीमा परवाल, दीपाली सोमानी एवं अदिति साबू सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। चल समारोह का विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं स्वागत किया गया। श्री माहेश्वरी महालोक, श्री महेश बंधन, माहेश्वरी मीत युगल्स, वल्लभ वैष्णव मंडल एवं अनाज तिलहन संघ सहित अनेक संगठनों ने पुष्प वर्षा एवं पेय पदार्थ वितरण कर समाजजनों का अभिनंदन किया।

### कैंसर और गैंग्रीन जैसे गंभीर रोगों में दी राहत, पांच दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेदिक शिविर संपन्न

**उज्जैन।** क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में जायसवाल धर्मशाला में चल रहा पांच दिवसीय निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हो गया है। जबलपुर के प्रसिद्ध आयुर्वेद विशेषज्ञ और नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल ने सैकड़ों मरीजों की निःशुल्क जांच कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिया।

मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर वैद्य जायसवाल ने 20 से 24 जून तक चले इस शिविर में कैंसर, गैंग्रीन और अन्य असाध्य रोगों के मरीजों का उपचार किया। भोपाल की पुष्पा कुशवाह वर्ष 2020 से गर्भाशय कैंसर से पीड़ित थीं और 6 कीमोथेरेपी व 28 रेडिएशन के बाद भी उन्हें आराम नहीं मिला था। उनके पति विजय सिंह कुशवाह के अनुसार आयुर्वेदिक उपचार से उन्हें काफी राहत मिली है और दर्द कम हुआ है। शिविर में कई अन्य मरीजों को भी गंभीर बीमारियों से नया जीवन मिला है। लगातार उपचार से शालिनी तोरणे के पैरों का गैंग्रीन पूरी तरह ठीक हो गया और घाव से मवाद आना बंद हो गया। उज्जैन की सविता तोरणे ने दवाओं के सेवन से एक महीने में 3 किलो वजन कम किया। आयुर्वेदिक तेल के उपयोग से अभिषेक तोरणे के बाल झड़ने की समस्या पूरी तरह रुक गई। वहीं वार्ड 36 बगडोना निवासी गोविंदा प्रसाद जायसवाल के शरीर का सुन्नपन, उच्च रक्तचाप और क्रेटिनिन की समस्या दूर हो गई। अशोकनगर के नीरज त्यागी को वर्षों पुरानी माइग्रेन की समस्या और संतोष सिंह राजपूत को चर्म रोग में आराम मिला। शिविर में बिना किसी सर्जरी के मात्र पांच मिनट में मस्सा निकालने की विशेष सुविधा भी मरीजों को दी गई।

## इस्कॉन में 29 को मनेगा उत्सव, जलगंगा संवर्द्धन अभियान के समापन पर श्रद्धालु करवा सकेंगे स्नान

### स्नान पूर्णिमा पर पवित्र तीर्थों के जल से होगा भगवान जगन्नाथ का महाअभिषेक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इस्कॉन मंदिर में आगामी 29 जून को भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी का दिव्य स्नान पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष यह धार्मिक उत्सव मध्यप्रदेश शासन के 'जलगंगा संवर्द्धन अभियान' के समापन समारोह के रूप में भी आयोजित हो रहा है।

इस बार का विशेष आकर्षण यह है कि प्रदेशभर में जल संरक्षण अभियान के तहत जिन पवित्र नदियों, तीर्थों और सरोवरों का जल सहेजा गया है, उसी पावन जल से भगवान जगन्नाथ का महाअभिषेक संपन्न होगा। इस्कॉन उज्जैन के कम्यूनिकेशन डायरेक्टर राघव पंडित दास ने बताया कि स्नान यात्रा महोत्सव का शुभारंभ 29 जून को प्रातः 7:30 बजे पांडु-विजय कीर्तन के साथ होगा। भगवान को स्नान वेदी पर विराजमान कर मंगल आरती की जाएगी और फिर दिव्य अभिषेक प्रारंभ होगा।



महोत्सव में सभी श्रद्धालुओं को अपने हाथों से भगवान जगन्नाथ का अभिषेक करने का दुर्लभ अवसर प्राप्त होगा। अभिषेक के पश्चात श्रद्धालु भगवान के दिव्य गजवेश के दर्शन कर सकेंगे और महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

महोत्सव में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके साथ ही इस्कॉन भारत के उपाध्यक्ष महामन महाराज, इस्कॉन उज्जैन के अध्यक्ष भक्ति प्रेम स्वामी महाराज सहित कई साधु-संत और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

#### प्रदर्शनी में दिखेंगे 108 रथ, शाम को मनेगी संन्यास वर्षगांठ

महोत्सव के दौरान समूचे मध्यप्रदेश में निकलने वाली 108 रथ यात्राओं के रथों और स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए बनाए गए छोटे रथों की विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसी दिन सायंकाल 6 बजे से इस्कॉन उज्जैन के संस्थापक श्री श्री भक्ति चारू स्वामी महाराज की 49वीं संन्यास वर्षगांठ भी श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी।

### अजाक्स की प्रांतीय साधारण सभा एवं द्वितीय मालवांचल महासम्मेलन 28 जून को

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) उज्जैन के तत्वावधान में आगामी 28 जून रविवार को दशहरा मैदान ग्राउंड पर अजाक्स की प्रांतीय साधारण सभा एवं द्वितीय मालवांचल महासम्मेलन-2026 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर संगठन द्वारा भव्य तैयारियां की जा रही हैं। सम्मेलन पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष एवं संरक्षक मा. जे.एन. कासोटिया (आईएएस) तथा वर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष मा. संतोष वर्मा (आईएएस) के नेतृत्व में आयोजित होगा। दशहरा मैदान पर टेंट सहित अन्य व्यवस्थाओं का कार्य प्रारंभ हो चुका है। वहीं संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।अजाक्स जिला अध्यक्ष डॉ. आर. एल. परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन में शामिल होने के लिए संगठन की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आमंत्रण दिया गया है, जिस पर उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया है। सम्मेलन में प्रदेश के 53 जिलों से अजाक्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उज्जैन पहुंचेंगे। जिसको ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार बैठकें आयोजित कर पदाधिकारियों और कार्यकताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सम्मेलन की शुरूआत 28 जून को सुबह 10 बजे होगी, जो शाम 6 बजे तक चलेगा।

## विकास की रफ्तार से घबराया विपक्ष, तथ्यों की जगह आरोपों की राजनीति कर रहा है

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर लगाए गए आरोपों का वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन ने किया विरोध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर लगाए गए भूमि संबंधी आरोपों को लेकर वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन मध्यप्रदेश ने विरोध जताया है। संगठन ने इन आरोपों को निराधार, तथ्यहीन और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताया। गोला मंडी स्थित मातंगेश्वर महादेव मंदिर पर वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के पदाधिकारियों ने विपक्ष के आरोपों का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समर्थन में नारे लगाए और भगवान महादेव से प्रदेश के विकास कार्यों को गति देने की प्रार्थना की। वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के प्रदेश संगठन मंत्री रोहित मित्तल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश में निवेश, रोजगार, अधोसंरचना और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। इन्हीं उपलब्धियों से ध्यान भटकाने के लिए विपक्ष निराधार आरोपों का सहारा ले रहा है। कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन जनता विकास की राजनीति चाहती है, आरोप-प्रत्यारोप की नहीं। यदि किसी के पास कोई ठोस प्रमाण है तो उसे जांच एजेंसियों और न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए। रोहित मित्तल ने कहा कि उज्जैन के विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अनेक ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। बाबा महाकाल की नगरी को वैश्विक आध्यात्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। सिंहस्थ-2028 की तैयारियां, महाकाल लोक कॉरिडोर का विस्तार, क्षिप्रा नदी संरक्षण एवं स्वच्छता के लिए कन्हा डायवर्सन परियोजना, नए घाटों का निर्माण, सड़क एवं हाईवे परियोजनाएं तथा जल संवर्धन योजनाएं मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम हैं। विकास कार्यों के कारण क्षेत्र में भूमि मूल्यों में वृद्धि होना स्वाभाविक प्रक्रिया है, जिसे व्यक्तिगत लाभ से जोड़ना अनुचित है।

## वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनेंगी खाचरोद की बेटी जिनीषा, उज्जैन में ननिहाल आगमन पर हुआ बहुमान

### हैदराबाद में प्रशिक्षण के लिए रवाना होने से पूर्व चत्तर परिवार ने किया सम्मान

### गांधीनगर में 235 अभ्यर्थियों में से चुनी गई 16 प्रतिभाओं में शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



खाचरोद की होनहार बेटी जिनीषा नांदेचा ने भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयनित होकर पूरे अंचल का गौरव बढ़ाया है। वे खाचरोद की पहली महिला हैं, जिन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। 8 जून को जारी अंतिम मेरिट सूची में चयन के बाद प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद रवाना होने से पूर्व उज्जैन में अपने ननिहाल आने पर उनका भव्य बहुमान किया गया।

जिनीषा के उज्जैन आगमन पर अतुल चत्तर परिवार के निवास पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन, पार्षद रजत मेहता, त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ के अध्यक्ष सुरेश पगारिया, अतुल चत्तर, राजेश पगारिया और राजमल चत्तर ने बिटिया का बहुमान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

समारोह में अवन्ति पार्श्वनाथ मंदिर के अध्यक्ष अशोक कोठारी, दिगंबर समाज से अशोक जैन मुन्ना सरकार, भेरूगढ़ तीर्थ से दिनेश जैन, स्थानक समाज से संजय जैन कालूहेड़ा, पत्रकार राजेन्द्र रघुवंशी, वीडी क्लॉथ मार्केट मर्चेंट एसोसिएशन के सह सचिव राजेन्द्र पगारिया, संचालक मनीष चौधरी, भूपेंद्र सकलेचा, विजय गादीया, कपिल सकलेचा और सोहन आंचलिया ने भी जिनीषा का स्वागत कर अंचल के लिए इसे बड़ी उपलब्धि बताया।

जिनीषा ने प्रारंभिक शिक्षा खाचरोद और नागदा से प्राप्त करने के बाद एसजीएसआईटीएस इंदौर से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की। उन्होंने वर्ष 2025 में एएफसीएटी-2 परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद गांधीनगर स्थित चयन केंद्र पर आयोजित पांच दिवसीय कठिन एसएसबी इंटरव्यू में 235 अभ्यर्थियों में से मात्र 16 उम्मीदवारों का चयन हुआ, जिनमें जिनीषा भी शामिल रहीं।

### अनुभवजन्य और प्रामाणिक है डॉ. अंशु जोशी का नया उपन्यास- प्रो. शर्मा

# शैक्षणिक संस्थानों की आंतरिक राजनीति और वैचारिक कशमकश को उजागर करता है डॉ. अंशु जोशी का उपन्यास

### प्रोफेसर डॉ अंशु जोशी की दो पुस्तकों का लोकार्पण एवं सारस्वत सम्मान हुआ

### विक्रम विश्वविद्यालय और प्रेमचंद सृजन पीठ के तत्वावधान में जेएनयू की प्रोफेसर की दो पुस्तकों का हुआ विमोचन, लेखिका का सारस्वत सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




विक्रम विश्वविद्यालय की हिन्दी अध्ययनशाला और प्रेमचंद सृजन पीठ के संयुक्त तत्वावधान में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज की प्रोफेसर डॉ. अंशु जोशी की नवनिर्वाचित पुस्तकों 'वैश्विक राजनीति 2025' एवं 'लाल दीवारें सफेद झूठ' का विमोचन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा लेखिका का सारस्वत सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विक्रम विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. शैलेन्द्रकुमार शर्मा ने कहा कि डॉ. अंशु जोशी का उपन्यास 'लाल दीवारें सफेद झूठ' एक अनुभवजन्य और प्रामाणिक कृति है। यह उपन्यास शैक्षणिक संस्थानों के भीतर चलने वाली राजनीतिक और वैचारिक कशमकश को उजागर करता है। यह उन कथित बौद्धिक दावों और एजेंडों पर चोट करता है, जो वैचारिकता की आड़ में युवाओं को धरातल के सत्य और राष्ट्रीय चेतना से दूर ले जाते हैं। यह पुस्तक अकादमिक परिसरों में जारी आंतरिक राजनीति के पीछे की असलियत को समझने और बिना वैचारिक चश्मे के यथार्थ को देखने के लिए प्रेरित करती है।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद् सदस्य व शिक्षाविद वरुण गुप्ता ने कहा कि हमारी संस्कृति और वैश्विक नीति वसुधैव कुटुम्बकम् पर आधारित है। प्रो. अंशु जोशी की पुस्तकें हमारे अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और देश की विदेश नीति में राष्ट्र प्रथम की भावना को प्रतिपादित करती हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. दीपिका गुप्ता ने कहा कि आज की विदेश नीति सिर्फ हथियारों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भौतिक संसाधनों पर एकाधिकार और साइबर हमलों के रूप में बदल रही है। प्रो. जोशी की पुस्तकें इस बदलते दौर में भारत के दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करती हैं।

विशेष अतिथि डॉ. जगदीशचंद्र शर्मा ने कहा कि कोई भी विचारधारा अंतिम नहीं होती और वैचारिक पूर्वाग्रहों में बंधकर अखंड भारत का सपना साकार नहीं किया जा सकता। डॉ. योगेश कुलमी ने कहा कि प्रो. अंशु जोशी के अद्भुत कृतित्व से उनका प्रभावी व्यक्तित्व झलकता है। देवास की डॉ. सीमा सोनी ने भी आयोजन में अपने विचार व्यक्त किए।

## मार्च पास्ट कर बाल सैनिकों ने दी सलामी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों भी हुई

### बारहवीं के टॉपर हुसैन सोगियावाला हुए सम्मानित, कोरल हाउस रहा विजेता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सेंट पॉल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 25 जून को छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उज्जैन डायोसिस के प्रमुख बिशप सबॉस्टियन बड़क्केल, विद्यालय के मैनेजर फादर जेकब निरप्पल, प्राचार्या सिस्टर विनीता, उपप्राचार्या सिस्टर रुबीना, स्टाफ सेक्रेटरी बीना जोसेफ और वैखरी केलकर ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में नवचयनित बाल सैनिकों ने विद्यालय के प्रति समर्पण और अनुशासन की शपथ ली।


बाल सैनिकों ने आकर्षक मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। प्रार्थना नृत्य और प्राचार्या सिस्टर विनीता के स्वागत भाषण के बाद छात्र परिषद को पद की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के कप्तान गर्वित कोठारी व निशि पोहवानी, वाइस कैप्टन लक्ष्य शर्मा व अन्वी रावल और स्कूल प्रीफेक्ट माही गादिया ने अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया।

#### विभिन्न क्लब और हाउस प्रभारियों ने ली शपथ

समारोह में अकादमिक मंत्री पूर्वी शर्मा, अनुशासन मंत्री महक जैन, साहित्य मंत्री आकांक्षा भंडारी, खेल मंत्री अक्ष गादिया, संस्कृति मंत्री निमिषा किल्लेदार और संचार मंत्री लक्षिता त्रिवेदी ने भी ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन की शपथ ली।

इसी तरह डिवाइन क्लब के चीफ कमांडर गौरव पोहवानी व कमांडर आराध्या राय, लिटरेरी क्लब की चीफ कमांडर माही चौरसिया व कमांडर मुबशिरा नागौरी, सोशल क्लब की चीफ कमांडर प्रियल धनवानी व कमांडर प्राजक्ता सिंह राठौर, साइंस और टेक्नोलॉजी क्लब की चीफ कमांडर उमेहानी रंगवाला व कमांडर वान्या जैन, आर्ट्स क्लब के चीफ कमांडर प्रणम्य नरेलिया व कमांडर हिया चौबे, साइबर क्लब की चीफ कमांडर कनिका भाटिया व कमांडर मनीषा मेहरवाल, हेल्थ क्लब के चीफ कमांडर अर्णव जैन व कमांडर अर्णव कारपेंटर सहित बैंड लीडर समर्थ गेहलोत को शपथ दिलाई गई। सभी हाउस के कैप्टन और वाइस कैप्टन ने भी नियमों के पालन की जिम्मेदारी ली। मुख्य अतिथि बिशप सबॉस्टियन बड़क्केल ने परेड का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों पर आधारित जीवन जीने की प्रेरणा दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग गीत-नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। समारोह में कक्षा 12वीं के टॉपर हुसैन सोगियावाला और 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### इंदौर के धोबी घाट पर मेले की अनुमति रद्द, ताजिए ठंडे करने की मिलेगी इजाजत

**इंदौर।** मेयर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की वर्चुअल बैठक में धोबी घाट पर प्रस्तावित मेले की अनुमति निरस्त करने का निर्णय लिया गया। परिषद ने स्पष्ट किया कि स्थल पर केवल धार्मिक परंपरा के तहत ताजिए ठंडे करने की अनुमति रहेगी। मेयर ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी सामने आई थी कि ताजिए ठंडे करने के साथ मेले के आयोजन की भी अनुमति दी गई है। इसके बाद मामले की समीक्षा के लिए विशेष बैठक बुलाई गई। बैठक में पिछले वर्ष के आयोजन की स्थिति पर चर्चा की गई। समीक्षा में सामने आया कि आयोजकों द्वारा अनुमति की कई शर्तों का पालन नहीं किया गया था। साथ ही मेले से संबंधित निर्धारित शुल्क भी नगर निगम में जमा नहीं कराया गया था। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए मेयर इन काउंसिल ने मेले की अनुमति तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का फैसला लिया। परिषद ने दोहराया कि धोबी घाट पर केवल ताजिए ठंडे करने की धार्मिक परंपरा जारी रहेगी और किसी प्रकार के मेले के आयोजन की अनुमति नहीं होगी।

### लक्ष्मीबाई नगर मंडी में व्यापारियों के प्लॉट से हटाई गईं झुग्गियां

**इंदौर।** लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी प्रांगण में व्यापारियों के आवंटित प्लॉटों पर वर्षों से झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रहने वाले लोगों पर मंडी प्रशासन ने कार्रवाई की। मंडी समिति ने भारी पुलिस बल के साथ झोपड़ियों को हटा दिया। अतिक्रमण हटाने के साथ मंडी में रात में होने वाली नशाखोरी, चोरी-डकैती पर अंकुश लगाने के लिए नया प्लान लागू किया है। अब रात 10 बजे बाद मंडी परिसर में बाहरी लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया। रात में अनावश्यक रूप से खड़े रहने वाले ट्रकों और अनधिकृत वाहनों को भी परिसर से बाहर खदेड़ा जा रहा। पुलिस द्वारा क्षेत्र में गश्त बढ़ाई गई है। मंडी समिति ने पुलिस को बताया कि कई असामाजिक तत्व मंडी की सुरक्षा के लिए लगाई गई लोहे की जालियों को क्षतिग्रस्त कर रात में प्रांगण में प्रवेश करते हैं, जिससे चोरी-डकैती की आशंका रहती है। सुरक्षाकर्मी टोकते हैं तो इन तत्वों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जाती है। ऐसी ही कार्रवाई चोइथराम मंडी में भी की गई थी, जहां रात में अनधिकृत वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई।

### इंदौर-आबूधाबी फ्लाइट हफ्ते में तीन दिन चलेगी, रविवार को रात 8.50 बजे रवाना होगी

**इंदौर।** एयर इंडिया एक्सप्रेस अब इंदौर-शारजाह की जगह इंदौर से आबूधाबी (यूएई) के लिए फ्लाइट शुरू करेगी। यह फ्लाइट इंदौर से आबूधाबी के लिए 15 जुलाई से शुरू होगी। इंदौर से यह सप्ताह में चार दिन चलेगी। कंपनी के तय शेड्यूल के मुताबिक फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन इंदौर से शाम 7.50 बजे रवाना होगी। रविवार को रात 8.50 बजे उड़ान भरेगी। इंदौर एयरपोर्ट से छह साल में यह तीसरी नए रूट पर फ्लाइट शुरू हो रही है।

**यह रहेगा शेड्यूल : सोमवार, बुधवार, शुक्रवार- इंदौर-आबूधाबी :** इंदौर से फ्लाइट शाम 7.50 बजे (भारतीय समयानुसार) रवाना होगी। रात 9.35 बजे (यूएई समयानुसार) आबूधाबी पहुंचेगी।

**आबूधाबी-इंदौर :** आबूधाबी से रात 10.35 बजे (यूएई समयानुसार) फ्लाइट रवाना होगी। रात 3.20 बजे (भारतीय समयानुसार) इंदौर आएगी।

### उचित मूल्य दुकान निलंबित, राशन वितरण में कई गड़बड़ियां मिलीं

**इंदौर।** राशन वितरण में अनियमितताओं और लगातार मिल रही शिकायतों के बाद बिसनावदा गांव की शासकीय उचित मूल्य दुकान को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। जांच में स्टॉक में गड़बड़ी, दुकान का नियमित संचालन नहीं होना और हितग्राहियों से अभद्र व्यवहार जैसी कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जिला प्रशासन ने बताया जांच के दौरान विक्रेता और सहायक विक्रेता अनुपस्थित मिले।

### ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, 6 साल के बच्चे का सिर धड़ से अलग

**इंदौर।** तेजाजी नगर बायपास पर गुरुवार शाम 6 बजे एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां तेज रफ्तार दौड़ रहे एक ट्रक ने बाइक को ऐसी टक्कर मार दी कि उस पर बैठा 6 साल का बच्चा उछलकर ट्रक के पिछले पहिए में आ गया। हादसा ऐसा दर्दनाक था कि बच्चे का सिर धड़ से अलग हो गया, जबकि मां जख्मी हो गई। फिर ड्राइवर ट्रक छोड़कर भाग गया। तेजाजी नगर टीआई देवेंद्र मरकाम के अनुसार मृतक का नाम समृद्ध (6) पिता सुमित माल्वे हैं। उसके पिता सुमित ने पुलिस को बयान दिया कि मैं साफ्टवेयर इंजीनियर हूं। मैं अपनी पत्नी सविता, बेटे समृद्ध (6) और छोटे बेटे राम माल्वे के साथ खरगोन जिले स्थित अपने गांव जा रहा था। हम मूसाखेड़ी से नेमावर रोड होते हुए खरगोन के लिए निकले थे। हम जैसे ही नायता मुंडला पेट्रोल पम्प के दूसरी साइड बायपास रोड पर पहुंचे तभी पीछे से ट्रक का चालक ट्रक को तेज गति व लापरवाहीपूर्वक चलाकर लाया। आते ही उसने हमारी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही हम लोग नीचे गिर गए। गिरने से मेरी पत्नी सविता को पैर पर चोट आई है, जबकि ट्रक के पहिए में मेरे लड़के समृद्ध का सिर फंस गया जिससे उसका सिर धड़ से अलग हो गया।

## नगर निगम के संपत्तिकर रिकॉर्ड में बड़े स्तर पर छेड़छाड़ का मामला आया सामने

# रात 10 से 3 बजे के बीच 370 संपत्तिकर खातों में मालिक के नाम बदले

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

नगर निगम के संपत्तिकर रिकॉर्ड में बड़े स्तर पर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जांच में पता चला है कि जनवरी से मार्च 2026 के बीच 370 संपत्तिकर खातों में मालिकों के नाम बदल दिए गए। कई मामलों में मूल संपत्ति मालिकों की जगह दूसरे लोगों के नाम दर्ज कर दिए गए। यह पूरा काम रात 10 बजे से सुबह 3 बजे के बीच किया गया और इसके लिए दो उपायुक्तों की आधिकारिक आईडी का इस्तेमाल हुआ।

इस मामले का खुलासा तब हुआ, जब एक राजस्व अधिकारी को दो खातों में गड़बड़ी मिली।




रिकॉर्ड खंगालने पर जनवरी से मार्च 2026 के बीच 370 खातों में बदलाव सामने आए। जांच में पता चला कि उपायुक्त केशव सगर की आईडी से 341 और प्रदीप जैन की आईडी से 29 खातों में बदलाव किए गए। निगम ने फिलहाल दोनों उपायुक्तों के अलावा मुख्यालय के एआरओ अजीम खान और मयूर पाटील सहित 6 लोगों को नोटिस जारी किए हैं। अफसरों को संदेह है कि किसी कर्मचारी ने अफसरों की लॉगिन आईडी का दुरुपयोग कर यह छेड़छाड़ की है।

- **आईपी एड्रेस बताएगा किसने बदले रिकॉर्ड-** निगम ने ई-नगर पालिका पोर्टल से जानकारी मांगी है। जिस आईपी एड्रेस से लॉगिन कर रिकॉर्ड में बदलाव किए गए, उसका पता लगा रहे हैं। इसी मालूम होगा एंट्री निगम कार्यालय से की गईं या किसी बाहरी सिस्टम से।
- **नाम बदलने से स्वामित्व विवाद और कानूनी उलझनें हो सकती है-** संपत्तिकर रिकॉर्ड स्वामित्व और राजस्व वसूली का महत्वपूर्ण आधार होता है। ऐसे में नाम बदलने से भविष्य में स्वामित्व विवाद और कानूनी उलझनें खड़ी हो सकती हैं। निगम यह भी जांच कर रहा है कि इन बदलावों से किसे फायदा पहुंचा।
- **सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी-** तकनीकी जानकारी जुटाकर पूरे मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

**- आकाश सिंह, अपर आयुक्त (राजस्व)**

### इन सवालों पर टिकी है जांच

- 370 खातों में बदलाव की जरूरत क्यों पड़ी?
- एंट्रियां निगम कार्यालय से हुईं या बाहर से?
- जिनके नाम जोड़े, उनका क्या संबंध है?
- क्या इसके बदले किसी कर्मचारी ने संबंधित लोगों से किसी तरह का आर्थिक लाभ लिया?
- अफसरों की ऑफिशियल आईडी का दुरुपयोग हुआ या अनुमति से बदलाव किए गए?

### टैक्स चोरी के साथ वैध-अवैध की गड़बड़ी भी

एक्सपर्ट का कहना है कि संपत्ति कर के खातों में नाम बदलने की दो-तीन वजह हो सकती है। सबसे पहला तो नामांतरण में लगने वाला शुल्क बचाना। दूसरा अवैध प्लॉट को वैध करार देना। इसके अलावा विवादित मामलों में संपत्ति किसी के नाम करके उसे अतिरिक्त लाभ भी पहुंचाया जा सकता है। संपत्ति कर खाता कई मामलों में लीगल डॉक्यूमेंट के रूप में भी इस्तेमाल हो सकता है।

## प्रेस्टीज स्कूल की मेस में मिलीं खामियां, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर एक्शन

# स्कूल कैंटीन से लेकर मिठाई दुकानों तक खाद्य विभाग की कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और मिलावट पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने स्कूल कैंटीनों, ढाबों, किराना दुकानों और मिठाई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कुल 23 खाद्य सैंपल जांच के लिए भेजे हैं।

कार्रवाई के तहत विजय नगर स्थित प्रेस्टीज पब्लिक स्कूल की मेस और कैंटीन का निरीक्षण किया गया, जहां खाद्य सामग्री का स्टोर मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। साथ ही पानी की जांच रिपोर्ट भी एक वर्ष से अधिक पुरानी मिली। यहां से फ्रेंच फ्राइज, दाल, घी, तेल, रोटी, सब्जी और चावल सहित 8 नमूने लिए गए तथा



संस्थान को नोटिस जारी किया गया। सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर मानपुर के मुंशी ढाबा, काली बिल्लोद स्थित कृष्णा किराना भंडार और बंगाली चौराहा स्थित अंबिका स्वीट्स एंड नमकीन पर भी कार्यवाही की गई। इन प्रतिष्ठानों से दाल, मसाले, नमकीन, मिठाइयों सहित 13 सैंपल जांच के लिए लिए गए।

### सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया

वहीं हम्माल कॉलोनी स्थित एक प्रतिष्ठान से पैकेज्ड पेयजल में दुर्गंध की शिकायत मिलने पर दो पानी के नमूने भी जांच के लिए भेजे गए हैं। सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि खाद्य सुरक्षा से जुड़ी शिकायतों पर प्रशासन गंभीरता से कार्रवाई कर रहा है और नागरिकों से भी किसी प्रकार की मिलावट या अनियमितता की सूचना तत्काल देने की अपील की है।

## घायल सिपाही गुंडों को

# फोर्स के साथ थाने ले गए सुबह बिना कार्रवाई छोड़ा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

कनाड़िया थाना क्षेत्र में 21 जून को डायमंड कॉलोनी की बेशकीमती जमीन को लेकर हुए विवाद में घटनास्थल पहुंचे सिपाहियों को पीटकर घायल करने वाले आरोपियों को थाने से ही छोड़ दिया गया। एमएलसी तक नहीं बनने दी गई। पूरे घटनाक्रम को लेकर स्टाफ में गुस्सा है।

कनाड़िया थाने के सूत्रों ने बताया 21 जून की रात 12.45 बजे संचार नगर में तैनात सिपाही विजय सिकरवार और आशीष शर्मा को सूचना मिली थी कि डायमंड कॉलोनी में गुंडे एक युवक को पीट रहे हैं, उसकी हत्या कर देंगे। वहां पहुंचे सिपाही युवक को छुड़ाने लगे तो गुंडों ने उन पर भी हमला कर दिया। दोनों सिपाही बुरी तरह घायल हो गए। उनका फोन छीन लिया। जैसे-तैसे सिपाहियों ने थाने पर सूचना दी तो उसके बाद फोर्स पहुंचा। सूत्रों ने बताया इस जमीन का कोर्ट में केस चल रहा है, लेकिन एक कंपनी के संचालकों ने जमीन की देखरेख मोहसिन और उसकी गैंग को दे रखी है।

**वर्दी उतारने की धमकी दे रहा था मोहसिन-** घायल सिपाही फोर्स के साथ बदमाश मोहसिन और उसके चार साथियों को कनाड़िया थाने ले आए। रास्तेभर मोहसिन उन्हें धमकाता रहा कि वर्दी उतरवा दूंगा, लाइन अटैच करवा दूंगा। बताया जा रहा है कि टीआई सहर्ष यादव से भी मोहसिन और उसके गुंडे अभद्रता करते रहे। इधर, मारपीट के शिकार सिपाहियों को इलाज के लिए निजी अस्पताल भेजा गया। दबाव बनाया कि रिपोर्ट दर्ज नहीं होगी, इसलिए एमएलसी नहीं करवाएं।

पश्चिम रेलमार्ग
DESIGN, SUPPLY, ERECTION, TESTING AND COMMISSIONING WORK इति कार्यम्
डीवाय मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण) पश्चिम रेलवे, डीआरएम कार्यालय, अनुलग्नक भवन तृतीय तल दो-बत्ती रतलाम (मप्र)457-001, आमंत्रित करता निविदा सूचना सं: ईएल-सी-आरटीएम-2026-03-टी कार्य का नाम : नैखेरी स्टेशन चिन्तामन गणेश स्टेशन के बीच प्रस्तावित नए उज्जैन बाईपास के लिए उच्च गति (160 किमी प्रति घंटा) 25 केवी, 50 हर्ट्ज, एसी सिंगल फेज ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, इरेक्शन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग एवं रोहलखुर्द (कोटा डिवीजन, डब्ल्यूसीआर) -भातिसुडा (रतलाम डिवीजन) सहित प्रस्तावित नए उज्जैन बाईपास के लिए पश्चिमरेलवे रतलाम प्रभागस्य नवीन उज्जैन बाईपास लाइन तथा नवीन नागडा बाईपास लाइन परियोजनाओं के सम्बन्धे नए एसएसपी का प्रावधान, विद्यमान फीडिंग पोस्ट परिवर्तन, उल्लङ्घनस्य निष्कासन। लगभग मूल्यः रु. 10,44,35,949.23। बोली निक्षेप : 20,88,700/-। ऑनलाइन बोली प्रारम्भ तिथि : 30.06.2026. निविदासमापनतिथिः १४.०७.२०२६ दिनाङ्के १५:०० वादने। वेबसाइटविवरणम् : www.ireps.gov.in
0298
अस्मान् इव अत्र : facebook.com/WesternRly

# 15 गलियां खोदकर छोड़ीं कीचड़ में फंसे वाहन क्रेन से निकाल रहे



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

देवास नाका स्थित शहर के सबसे बड़े ट्रांसपोर्ट हब एसआर कंपाउंड में मानसून से ठीक पहले खोदी गई ड्रेनेज लाइन अब कारोबारियों के लिए मुसीबत बन गई है। नगर निगम द्वारा ड्रेनेज के नाम पर क्षेत्र की करीब 10 से 15 गलियां खोदकर खुली छोड़ने के कारण पहली बारिश में ही पूरा इलाका कीचड़ में तब्दील हो गया है।

हालात इतने बदतर हैं कि गड्ढों में 10 से 15 भारी वाहन फंस गए हैं, जबकि 3 ट्रक पलटने की स्थिति में आ गए, जिन्हें पिछले दो दिनों से क्रेन बुलाकर बाहर खींचना पड़ रहा है। इस अव्यवस्था के चलते क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है।

यहां 50 से 100 बड़ी ट्रांसपोर्ट कंपनियां संचालित होती हैं, जहां रोजाना बड़ी संख्या में लोडिंग-अनलोडिंग का काम होता है। ट्रांसपोर्टरों की चिंता है कि नगर निगम ने तत्काल मलबे की सफाई, सड़कों की मरम्मत और जल निकासी को दुरुस्त नहीं किया, तो भारी बारिश के दौरान पूरा ट्रांसपोर्ट कारोबार पूरी तरह ठप हो जाएगा।

**रोजी-रोटी पर संकटः** लोडिंग-अनलोडिंग ठप होने से रोजाना काम करने वाले श्रमिक हो रहे हैं परेशान एसआर कंपाउंड के व्यावसायिक नेटवर्क पर 500 से अधिक फर्म प्रत्यक्ष रूप से निर्भर हैं। इस दलदली स्थिति के कारण ट्रकों के पहिए थमने से रोजाना काम करने वाले 1000 से अधिक मजदूरों, ड्राइवरों और कंडक्टरों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। कारोबारियों का आरोप है कि मानसून सिर पर होने के बावजूद बिना किसी प्लानिंग के खुदाई कर दी गई, जिसका खामियाजा अब करोड़ों रुपए के टर्नओवर वाले इस हब को भुगतना पड़ रहा है।

# बिजली सब स्टेशन में बार-बार घुस रहा था तेंदुआ, पिंजरे में कैद हुआ

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

असरावद खुर्द स्थित बिजली कंपनी के सब स्टेशन में बार-बार तेंदुआ आ रहा था। यहां ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों की जान सांसत में थी। तेंदुआ कभी ग्रिड के बीच जाकर बैठ जाता तो कभी कमरों में घुसने का प्रयास करता। इसकी सूचना कर्मचारियों ने वन विभाग को दी। वन विभाग ने बुधवार को सब स्टेशन में पिंजरा लगाया। गुरुवार सुबह बिजलीकर्मी जब ग्रिड पर पहुंचे तो पिंजरे में गुर्राने की आवाज आई। करीब जाकर देखा तो तेंदुआ एकदम से गुर्राया। इस पर वन विभाग को सूचना दी गई। रेस्क्यू टीम के प्रभारी रेंजर योगेश यादव के मुताबिक तेंदुए को पिंजरे सहित चिड़ियाघर पहुंचाया गया। वहां उसकी प्राथमिक जांच की गई। उसके स्वस्थ होने पर शुक्रवार को ही जंगल में छोड़ दिया।

## बारातियों ने जलभराव के बीच किया डांस

# इंदौर में घुटनों तक भरे पानी में निकली बारात

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

देश में स्वच्छता के मामले में लगातार आठ बार अव्वल रहने वाले इंदौर में बारिश के बाद जलभराव की समस्या एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो ने नगर निगम की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में एमआर-10 लिंक रोड पर घुटनों तक भरे पानी के बीच एक बारात निकलती दिखाई दे रही है।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो बुधवार 24 जून का है, जब इंदौर में तेज बारिश हुई थी।



बारिश के बाद सड़क पर इतना पानी भर गया कि दूल्हे को घोड़े पर बैठकर जलमग्न मार्ग से गुजरना पड़ा। वहीं बाराती भी पानी में नाचते-गाते और उछल-कूद करते हुए आगे बढ़ते नजर आए।

वीडियो में कई लोग जलभराव को लेकर नगर निगम की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते दिखाई दे रहे हैं। सड़क पर घुटनों तक पानी जमा होने से क्षेत्र की ड्रेनेज व्यवस्था और वर्षा जल निकासी तंत्र की स्थिति पर भी सवाल उठ रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो को लेकर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कई लोगों ने तंज कसते हुए कहा कि स्वच्छता में नंबर-1 बनने के साथ-साथ शहर को जल निकासी व्यवस्था में भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा, ताकि बारिश के दौरान नागरिकों को ऐसी परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## बर्न वार्ड की तस्वीरों पर हाईकोर्ट का मानवीय फैसला, बॉम्बे हॉस्पिटल इंदौर को तत्काल एडमिट कर समुचित इलाज शुरू करने के निर्देश दिए

# एसिड अटैक की शिकार 4 साल की मासूम का निजी अस्पताल में इलाज कराने के आदेश

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने बड़वानी जिले में एसिड अटैक की शिकार हुई चार वर्षीय बच्ची के इलाज को लेकर महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश जारी करते हुए बॉम्बे हॉस्पिटल, इंदौर को तत्काल एडमिट कर समुचित इलाज शुरू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उपचार का पूरा खर्च आयुष्मान भारत योजना और आवश्यकता पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वहन किए जाने के आदेश भी दिए गए हैं। याचिका में बताया गया कि 29 मई को हुए एसिड अटैक में चार वर्षीय बच्ची, उसका छह वर्षीय भाई और उनकी



मां गंभीर रूप से झुलस गए थे। प्रारंभिक इलाज बड़वानी जिले के राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया, लेकिन वहां पर्याप्त सुविधाएं नहीं होने के कारण बेहतर इलाज की मांग को लेकर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया।

**सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का हवाला-** हाईकोर्ट ने एसिड अटैक पीड़ितों के उपचार संबंधी सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले लक्ष्मी बनाम भारत संघ का उल्लेख करते हुए कहा कि निजी अस्पताल भी एसिड अटैक पीड़ितों को निःशुल्क और पूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बाध्य हैं। इसमें दवाइयां, भोजन, बिस्तर और पुनर्निर्माण (रिकंस्ट्रक्टिव) सर्जरी जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं।

**आयुष्मान कार्ड से होगा खर्च का भुगतान-** कोर्ट के समक्ष यह भी रखा गया कि पीड़ित परिवार के पास आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य निरामयम् योजना का कार्ड उपलब्ध है, जिसके तहत पांच लाख रुपए तक का कैशलेस उपचार मिल सकता है।

**बॉम्बे हॉस्पिटल को तत्काल एडमिट करने के निर्देश-** कोर्ट ने 24 जून को जारी अपने आदेश में कहा कि पीड़ित बच्ची को तत्काल बॉम्बे हॉस्पिटल, इंदौर में एडमिट किया जाए। अस्पताल उपचार का पूरा रिकॉर्ड रखेगा और परिवार से किसी प्रकार का भुगतान नहीं मांगेगा। खर्च की प्रतिपूर्ति आयुष्मान योजना से की जाएगी। यदि विशेष सर्जरी या अतिरिक्त उपचार का खर्च बीमित राशि से अधिक होता है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इंदौर आवश्यक भुगतान उपलब्ध कराएगा।

कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि अस्पताल उसी दिन बच्ची को भर्ती कर आवश्यक चिकित्सा उपचार प्रारंभ करे तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप आवश्यक वित्तीय सहायता सुनिश्चित करे।

### बर्न वार्ड की स्थिति पर उठे सवाल

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत मेडिकल रिपोर्ट में कहा गया कि पीड़ितों को लंबे समय तक विशेष इलाज की आवश्यकता है, जो इंदौर के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में उपलब्ध है। हालांकि याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट शन्नो शगुफ्ता खान ने अस्पताल के बर्न वार्ड की तस्वीरें प्रस्तुत कर वहां साफ-सफाई और रखरखाव की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए। तस्वीरों में वार्ड की दीवारों पर फंगल संक्रमण और चूहों की मौजूदगी का दावा किया गया।

### उचित इलाज नहीं मिला तो जान को खतरा

डॉक्टरों की समिति की रिपोर्ट में कहा गया कि दोनों मासूम बच्चों को गंभीर बर्न इंजरी हुई है और यदि उनका उचित उपचार नहीं किया गया तो सेप्सिस, सेप्टिक शॉक तथा अन्य गंभीर मेडिकल जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं।

# बीजेपी के 7 लाख वर्कर्स की होगी ऑनलाइन परीक्षा, संगठन एप पर देने होंगे सवालों के जवाब फिर मिलेगा डिजिटल लर्निंग सर्टिफिकेट

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

बीजेपी अपने पदाधिकारियों और कार्यकताओं को चरण बद्ध तरीके से प्रशिक्षण दे रही है। जिला और मंडल स्तर पर बीजेपी के प्रशिक्षण वर्ग पूरे हो चुके हैं। अब बीजेपी बूथ और मंडल के मोर्चा की टीम में शामिल करीब 7 लाख वर्कर्स को डिजिटल लर्निंग सिखाने जा रही है।

बीजेपी की 65 हजार से ज्यादा बूथ समितियों में शामिल कार्यकताओं और मंडल स्तर के 6 मोर्चों की कार्यकारिणी में शामिल पदाधिकारियों को संगठन एप के जरिए



डिजिटल लर्निंग यानी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में चार पाठ्यक्रम संगठन एप पर दिए जाएंगे।

इनमें बीजेपी की विचारधारा, पार्टी का सफर, नेतृत्व, मोदी सरकार की विकास योजनाएं जैसे चार पाठ्यक्रम शामिल होंगे। कार्यकर्ता अपने मोबाइल पर हर पाठ्यक्रम के वीडियो देखकर उस पाठ्यक्रम से संबंधित शब्दावली के उत्तर ऑनलाइन दर्ज करेंगे। चारों पाठ्यक्रमों के सवाल-जवाब पूरे होने के बाद उनके मोबाइल पर प्रशिक्षित होने का सर्टिफिकेट जनरेट होगा।

इस प्रशिक्षण को लेकर सभी जिला अध्यक्षों को कार्ययोजना भेज दी गई है। यह महाअभियान डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून से शुरू होकर उनकी जयंती 6 जुलाई 2026 तक पूरे 14 दिनों तक चलेगा।

मोबाइल एप पर ही ट्रेनिंग के लिए स्टडी मटेरियल मिलेगा और उसके बाद कार्यकर्ता एप पर ही सवालों के जवाब दे सकेंगे।

बीजेपी इस बड़े अभियान को पूरी तरह अचूक बनाने के लिए इसे अपने नियमित कार्यक्रमों से जोड़ रही है। रणनीति के अनुसार, बूथ अध्यक्ष और 'मन की बात' प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे कि 'मन की बात' कार्यक्रम के तुरंत बाद बूथ समिति के सभी सदस्यों को मौके पर ही संगठन ऐप खुलवाकर डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का प्रशिक्षण पूरा कराया जाए और सर्टिफिकेट डाउनलोड करवाया जाए । इसके साथ ही, शक्ति केंद्र प्रभारियों और मंडल कार्यकारिणी को सभी बूथों पर प्रवास (दौरा) करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वे हर कार्यकर्ता के स्मार्टफोन में इस प्लेटफॉर्म की जानकारी और ट्रेनिंग सुनिश्चित कर सकें ।बीजेपी यह कदम इसलिए उठा रही है ताकि उसका पूरा कैडर 'कागज-रहित' और 'हाई-टेक' हो सके। इस पूरी व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए जिलों में (1+2 सदस्यों की) विशेष डिजिटल प्रशिक्षण टीमें बनाई गई हैं, जिनकी कमान प्रदेश स्तर पर संयोजक शैलेन्द्र बरूआ (प्रदेश उपाध्यक्ष) और सदस्यों के रूप में राजेन्द्र सिंह, सुयश त्यागी संभाल रहे हैं।

# प्राइवेट बैंक की ऑपरेशनल मैनेजर से रेप, अकाउंटेंट ने गालियां दीं, कमरे में पीटा, शादी करने का झांसा दिया

ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर

शाजापुर जिले में प्राइवेट बैंक के अकाउंटेंट ने ऑपरेशनल मैनेजर से रेप किया। आरोपी ने तुमसे प्यार करता हूं, तुमसे ही शादी करूंगा बोलकर मैनेजर को फंसाया था। इसके बाद बोला-तुम्हारी और मेरी जाति अलग है। मैं तुमसे शादी नहीं कर सकता। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

28 वर्षीय ऑपरेशनल मैनेजर ने शिकायत में बताया कि 2025 में वह शाजापुर स्थित एक प्राइवेट बैंक में कार्यरत थी। इसी दौरान उसकी पहचान बैंक के अकाउंटेंट शिवम से हुई। परिचय बढ़ने पर दोनों के बीच प्रेम संबंध बने। पीड़िता का




आरोप है कि आरोपी ने उससे प्यार का इजहार किया और शादी का वादा किया। उसने कहा कि वह उसके बिना नहीं रह सकता। इसी भरोसे में 25 अगस्त 2025 को उसने पहली बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

पीड़िता का आरोप है कि शादी का आश्वासन देने के बाद आरोपी लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब भी वह शादी की बात करती, आरोपी टालमटोल करता था। विरोध करने पर वह मारपीट और गाली-गलौज करता था।

पीड़िता के मुताबिक, शिवम का ट्रांसफर दूसरे जिले में हो गया था। इसके बावजूद वह वीकेंड में शाजापुर आकर उससे मिलता था। युवती का आरोप है कि कई बार मना करने के बावजूद वह उसके घर पहुंच जाता था और जबरन शारीरिक संबंध बनाता था। पीड़िता ने बताया कि बाद में उसका ट्रांसफर हो गया। इसके बाद भी आरोपी फोन कॉल और मैसेज के जरिए उसे परेशान करता रहा। वह अश्लील बातें करता था और लगातार संपर्क में रहने का दबाव बनाता था।

## आरोपी के पिता ने शादी से इनकार किया

मामले में पीड़िता ने आरोपी के पिता से शादी की बात की थी, लेकिन उन्होंने दोनों की जाति अलग होने का हवाला देकर शादी से इनकार कर दिया।

इसके बाद दोनों के संबंधों में तनाव बढ़ गया। पीड़िता ने शिकायत में आरोप लगाया है कि आरोपी को शुरू से ही उसके अनुसूचित जाति से होने की जानकारी थी। बावजूद वह उसे जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था।

## आरोपी की तलाश जारी

कोतवाली थाना पुलिस ने शिवम के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, मारपीट, गाली-गलौज और जातिसूचक अपमान के आरोप में मामला दर्ज किया है। मामले की विवेचना जारी है। आरोपी की तलाश की जा रही है। ऋक्रदर्ज होने के बाद से वह फरार बताया जा रहा है।

# युवती को कुल्हाड़ी से मारा, पेपर कटर से गला काटा:भाई को 45 फोटो-वीडियो भेजे

ब्रह्मास्त्र ›› अशोक नगर

तारीख- 24 जून समय- रात 9 बजकर 42 मिनट। अशोक नगर में रहने वाले वर्धमान जैन ने जैसे ही मोबाइल फोन का इंटरनेट ऑन किया, वॉट्सएप पर एक के बाद एक 40 से ज्यादा फोटो और तीन वीडियो डाउनलोड हो गए। फोटो और वीडियो उनकी चचेरी बहन मुस्कान जैन के थे। वह एक युवक के साथ नजर आ रही थी। चौंकाने वाली बात यह थी कि ये फोटो-वीडियो भेजने वाला कोई और नहीं, बल्कि वही युवक था जो तस्वीरों में मुस्कान के साथ दिख रहा था रितिक सोनी।

मैसेज देखते ही परिवार में हड़कंप मच गया। मुस्कान घर में नहीं थी। उससे संपर्क नहीं हो पा रहा था। परिजन तलाश करते हुए थाने पहुंचे। कई घंटे खोजबीन चली। मोबाइल फोन लोकेशन ट्रेस करते-करते पुलिस ईसागढ़ रोड स्थित महाना गांव पहुंची। यहां सड़क किनारे एक कार खड़ी थी। अंदर मुस्कान और रितिक के शव थे। पास में पिस्टल, कुल्हाड़ी, पेपर कटर, सल्फास की गोलियां और दो पन्नों का सुसाइड नोट भी मिला। शुरूआती जांच में सामने आया है कि रितिक ने पहले मुस्कान की कुल्हाड़ी और कटर से हत्या की, फिर खुद को गोली मार ली।

## खबर एक नजर...

### मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा देहली स्मार्ट पब्लिक स्कूल का विद्यार्थी

**शाजापुर।** बायपास स्थित देहली स्मार्ट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी केशव जाटव ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए एक और उपलब्धि अपने नाम की है। केशव का चयन नेशनल लेवल जुनियर कराते चैंपियनशिप के लिए हुआ है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूर्व में भी विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक एवं दो रजत पदक प्राप्त किए हैं, जिससे विद्यालय का नाम गौरवान्वित हुआ है।

यह प्रतियोगिता 7 से 9 अगस्त तक कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में केशव मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा। विद्यालय के संचालक मनीष शर्मा एवं प्राचार्या श्रीमती मनप्रीत कौर ने केशव तथा विद्यालय के कराते कोच माजिद खान को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाऐं दीं। उन्होंने कहा कि यह पूरे शाजापुर जिले एवं मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय है कि इतनी कम आयु में विद्यालय का विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहा है। उन्होंने केशव को आगामी प्रतियोगिता के लिए निरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास एवं कड़ी मेहनत के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाऐं दीं।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 28 से 30 जून तक, पहले दिन बूथ पर, दूसरे-तीसरे दिन घर-घर पिलाई जाएगी दवा

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश प्रसाद ने बताया कि एक भी बच्चा छूटने पर सुरक्षा चक्र टूट सकता है। विभागीय चिकित्सकों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, जन अभियान परिषद आपसी समन्वय से कार्य करेंगे। विकासखण्ड स्तर पर एसडीएम के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स बैठक कर तैयारियों की समीक्षा होगी।

लक्ष्यः 5 वर्ष तक के 1,03,707 बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। कुल 802 दल, 18 ट्रांजिट दल, 21 मोबाइल दल गठित। ट्रांजिट व मोबाइल दल रेल्वे स्टेशन, ईंट भट्टा क्षेत्र व सुदूर अंचलों में दवा पिलाएंगे। 107 सुपरवाइजर तैनात। विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. रितेश बजाज ने कर्मचारियों को हाई रिस्क एरिया, कंस्ट्रक्शन साइट, ईंट भट्टा व शहरी सघन बस्तियों हेतु विशेष कार्ययोजना का प्रशिक्षण दिया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मनीष यादव ने समस्त अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर दवा की 2 बूंद अवश्य पिलाएं।

### बस कंडक्टर को पीटा 22 हजार रुपए छीने

ब्रह्मास्त्र ›› देवास

देवास में बसों में सवारी बैठाने को लेकर चल रहे विवाद ने अब मारपीट का रूप ले लिया है। भोपाल से इंदौर जा रही एक यात्री बस के कंडक्टर के साथ बीच सड़क पर कथित तौर पर मारपीट की गई और 22 हजार रुपए छीन लिए गए। इस घटना के बाद पीड़ित कंडक्टर ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित कंडक्टर नीरज कुशवाहा ने बताया कि यह घटना देवास बस स्टैंड से निकलने के बाद उज्जैन तिराहा से कुछ दूरी पर हुई। उनकी बस देवास क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी कुछ लोगों ने स्कूटर बस के आगे लगाकर उसे जबरन रोक लिया। नीरज कुशवाहा के अनुसार, बस रुकते ही उन्हें नीचे उतारा गया और सवारी बैठाने के विवाद को लेकर गाली-गलौज की गई। इसके बाद डंडों और थप्पड़ों से उनके साथ मारपीट की गई। नीरज ने आरोप लगाया है कि इस दौरान उनके पास मौजूद करीब 22 हजार रुपए भी छीन लिए गए।

# साढ़े तीन लाख की 258 घनमीटर अवैध रेत जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› नरसिंहपुर

नरसिंहपुर में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। गुरुवार देर शाम तक चले अभियान में 258 घनमीटर अवैध रेत जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग साढ़े तीन लाख रुपए है। इस दौरान अवैध परिवहन में शामिल कई वाहन भी पकड़े गए।

नरसिंहपुर तहसील के ग्राम पिठेहरा में राजस्व विभाग के हल्का पटवारी और सहायक खनि अधिकारी दीपा बारेवार ने संयुक्त जांच की। सरकारी जमीन पर दो अलग-अलग स्थानों से 81 घनमीटर अवैध रेत लावारिस हालत में मिली, जिसे जब्त कर लिया गया। प्रभारी खनि निरीक्षक नीरज कुमार रामटेके ने रात्रि भ्रमण के दौरान तेंदूखेड़ा तहसील क्षेत्र में एक हाईवा को पकड़ा। यह हाईवा ई-टीपी में दर्ज मात्रा से अधिक गिट्टी का परिवहन कर रहा था। वाहन को जब्त कर तेंदूखेड़ा पुलिस थाना की अभिरक्षा में सौंपा गया है।

इसके अतिरिक्त, ग्राम रेहली स्थित बारूरेवा नदी में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन करते पाए जाने पर तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की गईं। इन्हें कोतवाली नरसिंहपुर पुलिस को सौंपा गया है।

तहसील सांईखेड़ा में तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव, खनि निरीक्षक अनुपमा सिंह बघेल, राजस्व अमले और पलोहाबड़ा



पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम चामचौन में शासकीय भूमि पर कार्रवाई की। आंगनवाड़ी भवन के पीछे दो ढेरों में रखी 141 घनमीटर रेत राजा गुर्जर उर्फ जितेंद्र से जब्त की गई। जब्त रेत को ग्राम कोटवार कैलाश भाईजी पटेल की सुपुर्दगी में दिया गया।

इसी प्रकार, ग्राम खापा में निजी भूमि पर 36 घनमीटर रेत का अवैध भंडारण पाए जाने पर दीपक भार्गव के खिलाफ कार्रवाई की गई। जब्त रेत को संबंधित व्यक्ति और ग्राम कोटवार आशाराम मेहरा की सुपुर्दगी में सौंपा गया। खनिज विभाग ने बताया कि बिना अनुमति रेत का भंडारण करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ अवैध भंडारण के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। विभाग ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ भविष्य में भी लगातार कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

### तीन महीने बाद परिवार से मिली लापता महिला

मंदसौर की अनामिका जनकल्याण सेवा समिति ने राजस्थान के भीलवाड़ा जिले की एक लापता महिला को तीन माह बाद गुरुवार को उसके परिजनों से मिलाया है। मानसिक रूप से अस्वस्थ रानी नाम की इस महिला का यह 58वां सफल पुनर्वास है, जिसे संस्था ने अंजाम दिया है। संस्था की संस्थापक अनामिका जैन ने बताया कि करीब तीन महीने पहले दलौदा पुलिस रानी को मंदसौर स्थित आश्रय गृह लेकर आई थी। उस समय महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और अपने परिवार के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही थी। प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया था कि वह पानी भरने घर से निकली थी और रास्ता भटक गई।




# 25 लाख के डोडा चूरा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, 52 किलो मादक पदार्थ बरामद

ब्रह्मास्त्र ›› गुना

गुना के मृगवास थाना पुलिस और सानई चौकी टीम ने संयुक्त रूप दो शातिर मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 52 किलो अवैध डोडाचूरा जब्त किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 25 लाख रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

मृगवास पुलिस ने बताया कि पुलिस टीम को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम घीस्याखेड़ी के दो युवक बिना नंबर की मोटरसाइकिल से पीले रंग के बोरे में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा लेकर कुंभराज नेशनल हाईवे की तरफ जाने वाले हैं। सूचना पर पुलिस ने खेड़ीआबा पठार के कच्चे रास्ते पर घेराबंदी की। कुछ ही देर में घीस्याखेड़ी की तरफ से एक मोटरसाइकिल आती दिखी, जिसका चालक पुलिस की गाड़ी को देखकर वाहन मोड़कर भागने लगा। मुस्तैद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवकों को दबोच लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम ललित (21) पुत्र रघुवीर सिंह मीणा और प्रद्युमन (30) पुत्र गुलाब सिंह मीणा, दोनों निवासी ग्राम घीस्याखेड़ी होना बताया। पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट की वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए जब उनके पास मौजूद पीले रंग के प्लास्टिक बोरे की तलाशी ली गई, तो उसमें छिलकेनुमा कसैली गंध वाला पदार्थ मिला। तस्दीक करने पर उसकी पहचान मादक पदार्थ डोडाचूरा के रूप में हुई। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौल करने पर बोरे में कुल 51.900 किलोग्राम डोडाचूरा पाया गया।

# जिला संयोजक एवं अधीक्षक मिलकर ले रहे थे एक लाख की रिश्वत

### नीमच कलेक्टोरेट परिसर स्थित आदिमजाति कल्याण विभाग कार्यालय

### लोकायुक्त ने कार्यालय में ही दबोचा, अधीक्षक की पेंट जेब से राशि बरामद

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

लोकायुक्त इकाई उज्जैन ने गुरूवार दोपहर नीमच आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक राकेश राठौर द्वितीय श्रेणी अधिकारी एवं हरीश चौहान, अधीक्षक, उत्कृष्ट बालक छात्रावास माध्यमिक शिक्षक को रूपए एक लाख की रिश्वत लेने के मामले में रंगे हाथों पकडा है। आरोपी अपने ही विभाग की अधीक्षिका, जूनियर कन्या छात्रावास कुकड़ेश्वर जिला नीमच कुदुर्ला एक्का से रिश्वत लेते पकडे गए।

लोकायुक्त डीएसपी दिनेशचंद्र पटेल के अनुसार आवेदिका कुदुर्ला एक्का निवासी 115 संत हिरदाराम नगर, हामू खेड़ी देवास रोड उज्जैन नीमच जिला अंतर्गत जूनियर कन्या छात्रावास कुकड़ेश्वर में अधीक्षिका के पद पर पदस्थ है। आवेदिका की छात्रावास में अनियमितताएं के चलते निलंबन कर विभागीय जांच प्रारंभ की गई थी, विभागीय जांच में सहयोग करने एवं पुराना रूका हुआ वेतन निकालने के संबंध में राकेश राठौर एवं हरीश चौहान, अधीक्षक द्वारा 1 लाख 25 हजार रुपये की माँग की और 25 हजार रूपए पिछले सप्ताह लिए जा चुके थे। आवेदिका ने शेष राशि को लेकर लोकायुक्त एसपी आनंद यादव को शिकायत की थी। शिकायत का सत्यापन किए जाने के उपरांत लोकायुक्त ने दो शासकीय गवाहों को पंजीबद्ध किया। इसके साथ ही पंजीबद्ध नोट आवेदिका को रिश्वत की राशि के रूप में दिए गए। गुरूवार दोपहर में लोकायुक्त दल ने नीमच कलेक्टोरेट परिसर स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग के कार्यालय में आवेदिका को रिश्वत की राशि देकर भेजा था। रिश्वत की राशि लिए जाते ही पूर्व योजनानुसार दल ने कार्यालय में ही राकेश राठौर, जिला संयोजक एवं हरीश चौहान को रूपए एक लाख की रिश्वत राशि के साथ ट्रेप किया । रिश्वत राशि हरीश चौहान की पेंट की दाहिनी जेब से बरामद की गई। स्थल पर ही आरोपियों के विरुद्ध धारा-7, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन अधिनियम 2018 व 61(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया ।

# घोटाला : 3 जिलों में बाहर का गेहूं सरकार को बेचा

## 10 समिति प्रबंधकों को नोटिस, 15 पटवारी सस्पेंड, 4 फर्जी किसानों पर केस

ब्रह्मास्त्र ›› मुरैना/भिंड/राजगढ़

सरकार को समर्थन मूल्य पर 18 हजार क्विंटल से ज्यादा गेहूं बेचने वाले फर्जी किसानों के मामले में प्रशासन ने गुरुवार को पहली बड़ी कार्रवाई की। मुरैना में फर्जी किसानों के पंजीयन का सत्यापन करने वाले 15 पटवारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। दो तहसीलदारों (जौरा और बानमोर) को कारण बताओ नोटिस जारी हुए हैं।

वहीं, भिंड में चार फर्जी किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। फर्जी किसानों ने मुरैना, भिंड व राजगढ़ में बाजार से खरीदा गेहूं समर्थन मूल्य पर बेचकर 4.82 करोड़ रुपए का भुगतान लिया था।

मुरैना में फर्जी किसानों से गेहूं खरीदी में शामिल 10 समिति प्रबंधकों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। जवाब मिलने के बाद फजीर्वाड़े में शामिल अन्य लोगों पर भी एफआईआर की तैयारी है। भास्कर ने मुरैना में 32, भिंड में 23 व राजगढ़ में 4 फर्जी किसानों का खुलासा किया



था। खुलासे के बाद ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) ने जांच शुरू की है। अब एजेंसी की ग्वालियर की टीम नई तेजी के साथ पड़ताल करेगी। ग्वालियर की यह टीम संभवतः सोमवार से इन जिलों में जाकर खरीदी से जुड़े रिकॉर्ड को खंगालेगी।

मुरैना, भिंड और राजगढ़ में कई लोगों ने दूसरे किसानों के सर्वे नंबर पर अपना पंजीयन करा लिया। इसके बाद ईओडब्ल्यू ने इसकी जांच शुरू की थी। ग्वालियर ईओडब्ल्यू जांच शुरू कर ही रही थी कि मई में मुरैना, भिंड और राजगढ़ के 59 फर्जी किसानों को 4.82 करोड़ रु. का भुगतान किया गया।

यूपी से ?2200-2400 प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदकर फर्जी किसानों ने मध्यप्रदेश में ?2600 प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर बेच दिया।

आखिरी दिनों में रात में हुए फर्जी पंजीयन पंजीयन की अंतिम तारीख 10 मार्च थी। ज्यादातर फर्जी पंजीयन 5 से 10 मार्च के बीच रात 11 बजे से सुबह 7 बजे के बीच किए गए।

जालसाजों ने अनुसूचित जाति और अन्य किसानों के खसरा नंबरों पर अपना पंजीयन करा लिया। नाम नहीं मिलने पर पटवारी और तहसीलदार को इन्हें निरस्त करना था, लेकिन सत्यापन हो गया। कई मामलों में बंटाई पर खेती का कोई अनुबंध नहीं था, फिर भी तहसील स्तर पर सत्यापन कर दिया गया। बाद में पटवारी जांच में ये पंजीयन फर्जी पाए गए।

पकड़े जाने से बचने के लिए पंजीयन एक ब्लॉक या समिति में कराया गया, जबकि गेहूं की तुलाई दूसरे दूरस्थ खरीदी केंद्रों पर कराई गई। दूसरे किसानों की जमीन पर गेहूं बेचने का पंजीयन हुआ, लेकिन समर्थन मूल्य का भुगतान जालसाजों के बैंक खातों में चला गया। संदिग्ध पंजीयनों की जांच शुरू हुई, लेकिन विभागों में तालमेल की कमी से जांच के दौरान भी फर्जी किसानों के खातों में करोड़ों का भुगतान हो गया।

लोकेश जांगिड़, कलेक्टर, मुरैना ने बताया इस मामले में 15 पटवारियों को सस्पेंड कर दिया है। दो तहसीलदारों को नोटिस दिए हैं। समिति प्रबंधकों का पक्ष जानने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।'

फर्जी तरीके से समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने वाले 4 लोगों पर एफआईआर हुई है। तहसीलदार को भी नोटिस दिया है। जांच जारी है।'

# दावा-केतन को धक्का देने के बाद सिया मदद को चिल्लाई




## मां बोलीं- बेटी अगर दोषी, उसे भी किले से नीचे फेंक दो

पुणे में मंगतेर केतन अग्रवाल मर्डर केस में नया खुलासा हुआ है। केतन को जिस लोहगढ़ किले से धक्का दिया गया था। वहां के गार्ड ने बताया कि उसने सिया के चिल्लाने की आवाज सुनी थी।

गार्ड धीरज जाधव के मुताबिक, चीख-पुकार सुनकर वह मौके पर पहुंचे तो मुख्य आरोपी और केतन की मंगेतर सिया गोयल मदद के लिए चिल्ला रहे थे। मैंने सिया गोयल से पूछा क्या हुआ, तो उसने कहा कि यहां से कोई गिर गया है। इसके बाद मैंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

उधर सिया गोयल की मां पूजा गोयल ने कहा है कि इस मामले में कोई भी दोषी है तो उसे सबसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए। अगर मेरी बेटी दोषी है, तो उसे भी उसी जगह से नीचे फेंक देना चाहिए, जहां से केतन को धक्का दिया गया था।

सिया और केतन 18 जून को पुणे के लोहगढ़ किले पर घूमने गए थे। इसी दौरान केतन की खाई में गिरने से मौत हो गई। सिया पर अपने बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी के साथ मिलकर मंगेतर की हत्या करने का आरोप है। दोनों फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं और मामले की जांच जारी है।

### मां बोलीं- सिया शादी को लेकर खुश थी

परिवार को सिया और केतन की शादी से बहुत उम्मीदें थीं। केतन का परिवार भी सिया को बहुत प्यार और स्नेह देता था। सारे कार्यक्रम अच्छे से चल रहे थे।

अगर हमें लगता कि सिया को कोई परेशानी हो रही है या वह केतन से बात नहीं कर पा रही है, तो वे हमसे बात करते। सिया की इस शादी में रजामंदी थी।

हमें चेतन के बारे में कुछ भी पता नहीं था। सगाई के बाद से वह सिर्फ केतन से ही बात करती थी। मुझे नहीं लगता कि वह (अपराध करने के लिए) राजी हुई होगी, लेकिन अगर जांच में वह दोषी पाई जाती है, तो उसे सबसे कड़ी सजा दी जाए।

### पिता प्रवीण गोयल ने कहा- केतन ही सिया को लोहगढ़ ले गया था

सिया ने मुझे खुद ही कहा था कि इस लड़के से मेरा रिश्ता करवा दीजिए। केतन ने ही सिया को फोन कर लोहगढ़ किला जाने के लिए कहा था। वही कार लेकर आया था। केतन सिया एक-दूसरे से बहुत प्यार करते थे। एक बार तो केतन सुबह 4 बजे ही सिया से मिलने घर आ गया था।

### केतन की हत्या के पहले कैफे में मिले थे सिया-चेतन

केतन की हत्या के एक दिन पहले 17 जून को आरोपी सिया और प्रेमी चेतन चौधरी एक कैफे में मिले थे। न्यूज एजेंसी कअठर ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया कि यहीं लोहगढ़ किले पर केतन को खाई में धक्का देने का प्लान बनाया था। दोनों ने वह पॉइंट भी ढूंढ लिया, जहां से केतन को धक्का देना था। यदि केतन इससे भी बच जाता तो 20 जून के बाद सड़क हादसे में मारने का बैकअप प्लान तैयार था।

दरअसल, 31 मई को सिया और मंगेतर केतन लोहगढ़ किले गए थे। वहां केतन एक खतरनाक जगह बैठा था। तभी सिया को उसे मारने का आइडिया आया।

14 जून को भी केतन को धक्का देने की कोशिश की गई थी। उस समय सिया ने सांप दिखने का बहाना बनाकर घटना को हादसा बताने की कोशिश की थी, लेकिन केतन बच गया था। पुलिस का दावा है कि कैफे में ही दोनों ने लोहगढ़ किले पर केतन को खाई में धक्का देने का प्लान बनाया था। केतन मर्डर केस में उसकी मंगेतर सिया और सिया के लवर चेतन को 7 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक बुधवार देर रात दोनों से आमने-सामने बिठाकर पूछताछ की गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस दौरान दोनों का रवैया पूरी तरह बदल गया। चेतन ने पुलिस से कहा कि वह सिया के साथ भागना चाहता था, लेकिन सिया तैयार नहीं थी।

### 31 मई को मारने का आइडिया आया, 18 जून को मर्डर

31 मईः सिया को केतन की हत्या का प्लान सूझाः 11 फरवरी को सगाई के बाद केतन, सिया को घर लेकर आता था, साथ घूमने ले जाता था। उसे ट्रैकिंग यानी पहाड़ी चढ़ने का शौक था। उसने सिया से ट्रैकिंग के लिए लोहगढ़ किले चलने को कहा। रिपोर्ट्स के मुताबिक जब दोनों किले की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंचे, तो यहीं सिया को पहली बार केतन से पीछा छुड़ाने के लिए उसे पहाड़ी से धक्का देकर मार डालने का प्लान सूझ-ा।

5 जूनः किले पर जाने की जिद की, केतन नहीं गयाः सिया ने 4 जून को केतन से दोबारा लोहगढ़ किला जाने की जिद की। तब केतन के घर वालों ने मना कर दिया। 6 जून को केतन, उनकी बहन, एक दोस्त और सिया के इंडोनेशिया के बाली जाने के टिकट बुक थे। सभी लोग फ्लाइट पकड़ने के लिए निकले। पुणे ग्रामीण के रढ संदीप सिंह गिल के मुताबिक केतन के साथ बाली न जाना पड़े, इसलिए सिया ने उसका पासपोर्ट अपने पास अलग रख लिया था।

14 जूनः दूसरी कोशिश, धक्का दिया, लेकिन केतन बच गयाः सिया ने केतन से दोबारा किले पर चलने को कहा। बोली कि मुझे वह जगह पसंद है। पुलिस के मुताबिक 14 जून को दोनों किले पर पहुंचे। सिया ने केतन को एक जगह पीछे से धक्का दिया। पेड़ का सहारा मिलने से केतन बच गया। उसने पूछा- ह्यधक्का क्यों दिया? सिया ने कहा, ह्यएक सांप था, तुम्हें उससे बचाने के लिए धक्का दियाह्ल केतन ने घर आकर सबको बताया कि सिया की वजह से उसकी जान बच गई।

18 जूनः तीसरी कोशिश में बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर धक्का दियाः 19 जून को सिया का जन्मदिन मनाने के लिए केतन ने महाबलेश्वर में एक लग्जरी रिजॉर्ट बुक किया था। सिया ने उससे पहले केतन को प्री-वेडिंग फोटोशूट की बात कहकर लोहगढ़ किले पर जाने के लिए मना लिया। इस बार पीछे-पीछे चेतन भी था। एक जगह जब केतन पहाड़ियों की तरफ देख रहा था, तभी दोनों ने उसे पीछे से धक्का दे दिया।



### मर्डर से पहले सिया का मंगेतर के साथ डांस, रोमांस; 3 तस्वीरें


केतन के मर्डर करने से पहले सिया ने सोशल मीडिया अकाउंट पर केतन अग्रवाल (26) के साथ कई रोमांटिक पोस्ट किए थे। कभी प्रपोजल की तस्वीरें, कभी फूल देकर प्यार जताने वाले पल, तो कभी डांस और गले मिलने के वीडियो।

दोनों की नवंबर में होने वाली शादी की तैयारियां भी सोशल मीडिया पोस्ट का हिस्सा थीं। इस साल फरवरी में सगाई के बाद सिया ने इंस्टाग्राम पर एक केक की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था- मेरे दिल को उसका घर मिले एक महीना पूरा हुआ।

#### कोलकाता में प्रमुख सड़कों पर पानी भर गया। कई जगह ट्रैफिक जाम लग गया

# जयपुर में तेज बारिश, सड़कें डूबीं, अस्पताल-दुकानों में पानी घुसा, इंदौर के 15 पर्यटन स्थल बंद




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

राजस्थान में मानसून के इंतजार के बीच गुरुवार को जयपुर में तेज बारिश हुई। करीब आधे घंटे में हुई 50 एमएम बारिश से सड़कें पानी से डूब गईं। कई वाहन पानी की वजह से बंद हो गए। कई दुकानों-मकानों में भी पानी भर गया।

कोलकाता में भी कुछ ऐसा ही हाल रहा। दोपहर में करीब एक घंटे की बारिश से शहर की मुख्य सड़कों पर एक फीट तक पानी भर गया। कोलकाता के ररङट अस्पताल के अंदर तक पानी घुस गया। इससे मरीज और उनकी देखभाल करने वाले लोगों को काफी परेशानी हुई।

बारिश से हादसों की आशंका को देखते हुए मध्य प्रदेश के इंदौर में 15 पर्यटन स्थलों में 22 अगस्त तक एंट्री बंद कर दी गई है। राज्य के शाजापुर में गुरुवार को बिजली गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 2 से 4 दिनों में मानसून पूरे राज्य को कवर कर सकता है। इधर, यूपी में मानसून 8 दिन लेट है। यह आमतौर पर 20 जून तक आ जाता है लेकिन इस बार 15 दिनों से बिहार बॉर्डर पर रुका है। राज्य के 8 जिलों में गुरुवार को हीटवेव के हालात रहे। बिहार के 13 जिलों में तेज धूप के साथ गर्म हवा चली।

**27 जूनः** असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होगी।

सिक्किम, गोवा, तेलंगाना और कर्नाटक में समुद्र के करीबी इलाकों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी में ट्रस्ट ने एफआईआर कराई, टिन्नू यादव समेत 8 के नाम शामिल

ब्रह्मास्त्र ›› अयोध्या

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में करीब 18 दिनों बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने आखिरकार गुरुवार को एफआईआर दर्ज करा दी। इसमें ट्रस्ट महासचिव चंपत राय के ड्राइवर समेत 8 आरोपी बनाए गए हैं। हालांकि एफआईआर में चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा समेत अन्य बड़े पदाधिकारियों के नाम नहीं हैं।

ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन ने एसआईटी की शुरूआती रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज होने के तुरंत बाद 3 आरोपी टिन्नू, लवकुश और अनुकल्प को अरेस्ट कर लिया गया है। बाकी 5 आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पूछताछ की जा रही है। आने वाले समय में सरकारी अधिकारी और कर्मचारी भी गिरफ्तार हो सकते हैं। चढ़ावा चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया था। ट्रस्ट के अनुरोध पर सरकार ने जांच के लिए 13 जून को एसआईटी बनाई थी। 23 जून को इसने अपनी शुरूआती रिपोर्ट सरकार को सौंपी।

सूत्रों का कहना है कि चढ़ावा चोरी मामले में चंपत राय और डॉ.अनिल मिश्रा का इस्तीफा लिखवा लिया गया है। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा, ऋक्षफ से मैं बहुत संतुष्ट हूं। लेकिन, जिनका नाम ऋक्षफ में नहीं है, उसकी भी जांच होनी चाहिए।

इससे पहले सूत्रों से जानकारी सामने आई थी कि एसआईटी ने जांच रिपोर्ट में चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा और निर्माण प्रभारी गोपाल राव समेत 17 लोगों को आरोपी माना था। इनके खिलाफ ऋक्षफ होना लगभग तय माना जा रहा था। एसटीआई को जांच के दौरान दानपात्रों की चाबियां टिन्नू के पास मिलीं थी। एसआईटी ने ऐसे करीब 150 सेवादारों और कर्मचारियों को चिह्नित किया था, जिनकी आर्थिक स्थिति में 22 जनवरी, 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बदलाव आया। चढ़ावा चोरी की एफआईआर में प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट यानी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा भी लगाई गई है। इसके तहत सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों पर ही कार्रवाई होती है। इससे साफ है कि आने वाले समय में चढ़ावे की रकम की गिनती और उसको स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में जमा कराने के दौरान लगे सरकारी अधिकारी और कर्मचारी भी गिरफ्तार हो सकते हैं। इससे पहले 19 जून को अयोध्या में सीएम योगी ने कहा था कि एसआईटी की निष्पक्ष जांच से 'दूध का दूध और पानी का पानी' होकर रहेगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।




### इकबाल अंसारी ने कहा- हमें भरोसा है, शामिल लोग पकड़े जाएंगे

बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि मामले के पूर्व वादी इकबाल अंसारी ने कहा- हमें भरोसा है कि जो लोग इसमें शामिल थे, वे पकड़े जाएंगे और चोरी हुई चीजें बरामद कर ली जाएंगी। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में एफआईआर दर्ज होने पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा- चोर कितना भी शातिर हो, लेकिन एक दिन पकड़ा जरूर जाता है। भगवान राम के मंदिर में चोरी करने वालों को न इस लोक में जगह मिलेगी और न ही परलोक में । मैं उन लोगों के खिलाफ ऋक्षफ दर्ज होने पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करता हूं। जो भी लोग इसमें शामिल हैं। जिन्होंने उन्हें संरक्षण दिया है, किसी को भी नहीं बख्शा जाना चाहिए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों को इस्तीफा देना चाहिए।

### 1 जुलाई से पासपोर्ट बनवाना होगा महंगा:नॉर्मल कैटेगरी पासपोर्ट 2,500 और तत्काल 5,000 में बनेगा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

1 जुलाई से पासपोर्ट बनवाना या री-इश्यू कराना महंगा हो जाएगा। केंद्र सरकार ने पासपोर्ट की फीस बढ़ाने का फैसला किया है। 36 पेज वाले सामान्य पासपोर्ट की फीस 1,500 रुपए से बढ़कर 2,500 रुपए हो जाएगी। वहीं, तत्काल पासपोर्ट के लिए अब 5,000 रुपए देने होंगे, जो पहले 3,500 रुपए थी।

60 पेज वाले पासपोर्ट की फीस भी बढ़ाई गई है। इसकी सामान्य फीस 2,000 रुपए से बढ़कर 3,500 रुपए और तत्काल फीस 4,000 रुपए से बढ़कर 6,000 रुपए हो जाएगी। मंत्रालय ने पासपोर्ट रूल्स, 1980 में संशोधन के बाद नई दरों को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। ये बढ़ोतरी 14 साल बाद की गई है। इससे पहले 2012 में फीस में बदलाव हुआ था।

पासपोर्ट के अलावा खोए या क्षतिग्रस्त पासपोर्ट के बदले नया पासपोर्ट, पुलिस क्लियरेंस सर्टिफिकेट और सरेंडर सर्टिफिकेट जैसी सेवाओं के शुल्क भी बढ़ाए गए हैं।

अगर आपका 36 पन्नों का पासपोर्ट खो जाता है, तो नॉर्मल प्रोसेसिंग के तहत उसे दोबारा बनवाने के लिए 5,000 रुपए देने होंगे, जबकि तत्काल में यह खर्च 7,500 तक पहुंच जाएगा। इसी तरह, 60 पन्नों वाले रिप्लेसमेंट पासपोर्ट के लिए नॉर्मल कैटेगरी में 6,000 रुपए और तत्काल के लिए 8,500 रुपए की फीस तय की गई है। नाबालिग आवेदकों के मामले में भी यदि 36 पन्नों का पासपोर्ट खो जाता है या डैमेज हो जाता है, तो उसे बदलवाने के लिए नॉर्मल कैटेगरी में 4,250 रुपए खर्च करने होंगे। वहीं, अगर कोई पेरेंट्स अपने बच्चे का खोया हुआ पासपोर्ट तत्काल सर्विस के जरिए जल्द से जल्द बनवाना चाहते हैं, तो उन्हें 6,750 रुपए की फीस चुकानी होगी।

# हाईटेंशन लाइन से टकराया ताजिया

## 3 की मौत, 10 से ज्यादा झुलसे, 5 गंभीर; मुहर्रम जुलूस में 200 लोग थे

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में गुरुवार रात ताजिया हाईटेंशन बिजली लाइन से टकरा गया। करंट की चपेट में 10 से अधिक लोग आ गए। इनमें 3 की मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हैं। घायलों में 5 की हालत गंभीर है। सभी को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। घटना पिपलोदा के हतनारा गांव की है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान रशीद खान, सद्दू हुसैन और अरबाज खान के रूप में हुई है। हालांकि अरबाज के परिजन उसे अस्पताल से कहीं और ले गए। इस





कारण प्रशासन ने 2 मौतों की पुष्टि की है, जबकि ड्यूटी डॉक्टर रविंद्र सोलंकी ने 3 मौतों की पुष्टि की है।

मेडिकल कॉलेज में भर्ती घायलों में अनास पिता अकरम (16), मोइन शाह पिता इश्क शाह (35), रहीम खान, अख्तियार खान, इरफान, शाहरुख, शकील, रईस, मोहम्मद और वहीद शामिल हैं। वहीं इब्राहिम पिता हनीफ को रतलाम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शी इमामुद्दीन मंसूरी ने बताया कि मुहर्रम के अवसर पर हतनारा गांव में ताजिया जुलूस निकाला जा रहा था। जुलूस में करीब 200 लोग शामिल थे। इसी दौरान लगभग 20 फीट ऊंचाई पर गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन से ताजिया टकरा गया। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, बिजली लाइन काफी नीचे थी। ताजिया के संपर्क में आते ही करंट फैल गया और आगे चल रहे कई लोग जमीन पर गिर पड़े। हादसे के समय मौके पर न पुलिस मौजूद थी और न ही बिजली विभाग का कोई कर्मचारी। घटना का वीडियो भी सामने आया है। इसमें करंट लगने के बाद जुलूस में अफरा-तफरी का माहौल दिखाई दे रहा है। लोग चीखते-चिल्लाते नजर आ रहे हैं, जबकि कई लोग जमीन पर पड़े दिख रहे हैं।

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

पुनरपि जननं पुनरपि मरणं, पुनरपि जननी जठरे शयनम्।
इह संसारे बहुदुस्तारे, कृपयाऽपारे पाहि मुरारे॥

**भावार्थ** : बार-बार जन्म, बार-बार मृत्यु, बार-बार माँ के गर्भ में शयन, इस संसार से पार जा पाना बहुत कठिन है, हे कृष्ण कृपा करके मेरी इससे रक्षा करें।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 26 जून, 2026

भगवद् गीता किञ्चिदधीता, गङ्गा जललव कणिकापीता।
सकृदपि येन मुरारि समर्चा, क्रियते तस्य यमेन न चर्चा॥

**भावार्थ** : जिन्होंने भगवदगीता का थोड़ा सा भी अध्ययन किया है, भक्ति रूपी गंगा जल का कण भर भी पिया है, भगवान कृष्ण की एक बार भी समुचित प्रकार से पूजा की है, यम के द्वारा उनकी चर्चा नहीं की जाती है।

## सिद्धघाटे आरती समये वृद्धायाः सुवर्णश्रृङ्खला लङ्घिता, भक्तानां क्रोधः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

आस्था-भक्ति-वातावरणे ग्वारिघाट-नगरस्य सिद्धघाटे चोरी-प्रसङ्गेन भक्ताः स्तब्धाः अभवन्। जनसमूहस्य लाभं गृहीत्वा एकः अज्ञातः दुष्टः नर्मदापूजायाः आरतीयाश्च भागं ग्रहीतुं आगतायाः वृद्धायाः कण्ठात् सुवर्णश्रृङ्खलां पारितवान्। घटनायाः अनन्तरं घाटे उपस्थितानां भक्तानां मध्ये आतङ्कः उत्पन्नः, सुरक्षाव्यवस्थायाः विषये प्रश्नाः उत्थापयितुं आरब्धाः। सूचनानुसारं रञ्झी-नगरस्य गोकलपुरक्षेत्रस्य निवासी ५६ वर्षीयः सरस्वती बाई चौधरी पौत्रेण सह सिद्धघाटं प्राप्तवती आसीत्। सा पूर्णभक्त्या नर्मदामातुः पूजा आरतीयां च प्रवृत्ता आसीत्।

## सम्पादकीयम्

### राष्ट्रपतिस्य गौरवस्य विरुद्धम्

गृहमन्त्रालयेन पश्चिमबङ्गस्य मुख्यसचिवात् राष्ट्रपतिद्रौपदी मुर्मू इत्यस्य नवमस्य अन्तर्राष्ट्रीयसन्थालसम्मेलनस्य भ्रमणकाले कथितानां चूकानां विषये विस्तृतं प्रतिवेदनं याचितम्। एते कथिताः चूकाः प्रोटोकॉल, मार्गसुरक्षा, स्थलप्रबन्धनं च सम्बद्धाः सन्ति। राष्ट्रपतिद्रौपदी मुर्मू इत्यस्य पश्चिमबङ्गदेशस्य अन्तर्राष्ट्रीयसन्थालसम्मेलनस्य भ्रमणस्य विषये विवादः केवलं आयोजनव्यवस्थासु एव सीमितः नास्ति। अधुना एषः विषयः संवैधानिकगौरवम्, प्रशासनिकजवाबदेही, निर्वाचनराजनीतिः च इति विषयः अभवत्। राष्ट्रपतिना एव एतादृशान् दोषान् सार्वजनिकरूपेण दर्शयितुं अपि असामान्यम् अस्ति। प्रमादस्य आरोपाः। अन्तिमे निमेषे आयोजनस्थलस्य परिवर्तनं जातम् तदा एव विवादः आरब्धः। स्थानीयप्रशासनस्य तर्कः आसीत् यत् मूलस्थानं अतिसङ्कीर्णम् अस्ति। परन्तु राष्ट्रपतिः स्वयमेव तत् स्थलं गत्वा स्थानं पर्याप्तम् इति टिप्पणीं कृतवती। अपि च प्रोटोकॉल-उल्लङ्घनस्य अन्येषां च त्रुटिनां सूचनाः सन्ति। तबूला प्रायोजित लिङ्क इति भवतु प्रोटोकॉलस्य उल्लङ्घनम्। भारते राष्ट्रपतिकार्यालयं राजनीतितः उपरि इति मन्यते। केन्द्रे राज्येषु वा कोऽपि दलः सत्तां धारयति इति न कृत्वा राष्ट्रपतिस्य कार्यक्रमः दुर्लभतया।

## शिवसेनायां पुनः विद्रोहस्य गुञ्जाः; षट् सांसदाः

# दूरं तिष्ठन्ति इति कारणेन उद्धवः वर्धमानस्य कष्टस्य सामनां करोति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई



महाराष्ट्रराजनीतिः पुनः एकवारं बृहत् राजनैतिक-उत्थानस्य साक्षी भवति। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुटस्य अन्तः वर्धमानः असन्तुष्टिः अधुना मुक्ततया उद्भूतः अस्ति। उद्धवठाकरे-नेतृत्वेन शिवसेना-सङ्घस्य षट् लोकसभासांसदाः महत्त्वपूर्णसभाभ्यः, दलस्य स्थापनादिवसस्य उत्सवेभ्यः च निरन्तरं दूरं स्थित्वा गम्भीरराजनैतिकसंकटस्य सामनां कुर्वती अस्ति। एतेषां विकासानां कारणात् दलस्य सम्भाव्यविभाजनस्य विषये अनुमानं प्रेरितम् अस्ति। असन्तुष्टाः सांसदाः पृथक गुटं निर्माय मुख्यमन्त्री एकनाथशिण्डे नेतृत्वे शिवसेनायां सम्मिलितुं शक्नुवन्ति इति राजनैतिकवृत्तेषु चर्चा वर्तते।

शुक्रवासरे शिवसेनायाः ६० तमे स्थापनादिवसस्य उत्सवः मुम्बई-नगरस्य मातुङ्गा-नगरस्य शनमुखानन्द-प्रेक्षागृहे आयोजितः। दलस्य कृते स्वस्य सामर्थ्यं, संगठनात्मकं एकतां च प्रदर्शयितुं एषः आयोजनः महत्त्वपूर्णः अवसरः इति दृष्टः। परन्तु षट् सांसदानां अभावेन-ये विद्रोहिणः इति कथ्यन्ते-एतत् आयोजनं परितः राजनैतिककथायाः परिवर्तनं जातम्। तेषां अभावेन विद्यमानं आन्तरिकं असन्तुष्टिः अधिकं गभीरं जातम्, दलस्य नेतृत्वसम्बद्धाः प्रश्नाः च तीव्राः अभवन्।

अनुपस्थिताः सांसदाः संजयदीनापाटिलः, नागेशपाटिलष्टिकरः, ओमराजनिम्बलकरः, भौसाहेबवकचौरे, संजयदेशमुखः, संजयजाधवः च सन्ति। एतेषु कश्चन अपि सांसदः पूर्वदिने नूतनदिल्लीनगरे आयोजिते संसदीयदलसभायां अपि न उपस्थितः आसीत्। दलनेतृत्वेन निर्गतस्य चाबुकस्य अभावेऽपि तेषां तस्मिन् सत्रे उपस्थितिः न अभवत इति राजनैतिकदृष्ट्या महत्त्वपूर्णं मन्यते स्म। अधुना स्थापनादिवसस्य उत्सवात् अपि दूरं स्थित्वा आन्तरिकविदारणानि केवलं असन्तुष्टिमात्रात् परं गच्छन्ति इति स्पष्टसूचकरूपेण दृश्यते

राजनैतिकस्त्रोतानां अनुसारं एते सांसदाः स्वभविष्यस्य विषये पृथक रणनीतिं निर्मान्ति। ते पृथक संसदीयसमूहस्य निर्माणस्य निर्णयं कृत्वा एकनाथशिण्डेनेतृत्वेन शिवसेनायाः सह सङ्गतिं कर्तुं शक्नुवन्ति इति अनुमानं वर्तते। यदि एतत् भवति तर्हि वर्षद्वयस्य अन्तः उद्धवठाकरे इत्यस्य कृते द्वितीयः प्रमुखः राजनैतिकविघ्नः भविष्यति। २०२२ तमे वर्षे एकनाथशिण्डे इत्यस्य नेतृत्वे विद्रोहः शिवसेनायाः द्वयोः गुटयोः विभाजनं कृतवान्, ततः परं दलं निरन्तरं संगठनात्मकचुनौत्यैः सह जूझति

यद्यपि अद्यापि कस्यापि सांसदस्य औपचारिकघोषणा न कृता तथापि केचन नेतारः सूचयन्ति यत् आगामिदिनद्वये राजनैतिकस्थितेः विषये प्रमुखः निर्णयः उद्भवितुं शक्नोति। फलतः महाराष्ट्रस्य राजनैतिकवृत्तेषु सर्वेषां दृष्टिः विद्रोही सांसदानां अग्रिमचरणस्य विषये एव निहिताः सन्ति। इदानीं दलस्य स्थापनादिवसस्य कार्यक्रमे समर्थकान् सम्बोधयन् उद्धवठाकरे काङ्ग्रेसेन सह सम्भाव्यविलयस्य विषये प्रचलितानां अटकलानां मुक्ततया प्रतिक्रियां दत्तवान्। सः दर्शितवान् यत् शिवसेना भारतीयजनतापक्षेण सह गठबन्धनं कृत्वा दशकत्रयं यावत् आसीत् किन्तु तया सह कदापि विलयः न अभवत्; अतः काङ्ग्रेसेन सह विलयस्य प्रश्नः केवलं न उत्पद्यते।

## रेडीमेड् गार्मेण्ट् एण्ड् फैशन डिजाइनिंग्

### विद्युत्-विच्छेदस्य कारणेन परिचालनं स्थगितम् अभवत् अनेन सहस्रशः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

गोहलपुर, जबलपुर (एमपी) इत्यस्मिन् रेडीमेड् गार्मेण्ट् एण्ड् फैशन डिजाइनिंग् क्लस्टर इत्यस्मिन् २०० तः अधिकेषु उत्पादन-इकायेषु अष्टदिनानां विद्युत्-विच्छेदस्य कारणेन परिचालनं स्थगितम् अभवत् अनेन सहस्रशः शिल्पिनां कृते रोजगारसंकटः उत्पन्नः, व्यापारिणां तु लक्षरूप्यकाणां हानिः अभवत्।

प्रतिवेदनानि सूचयन्ति यत् बाधितविद्युत्प्रदायस्य विषये शिकायतां-यत् जूनमासस्य ९ दिनाङ्के आरब्धम्-अधिकारिणः अन्ततः कार्यवाही कर्तुं पूर्वं बहुवारं दाखिलाः आसन्; अन्ततः जूनमासस्य १७ दिनाङ्के रात्रौ विद्युत्प्रदायः पुनः स्थापितः। वृष्ट्या भूमिगतविद्युत्केबलस्य दोषात् एषः विषयः उत्पन्नः इति कथ्यते, तस्य सुधारणाय विद्युत्विभागेन नवदिनानि यावत् समयः अभवत् सम्प्रति अस्मिन् गोहलपुर-समूहस्य अन्तः प्रायः २०० निर्माण-एककाः कार्यं कुर्वन्ति, येषु सहस्त्राणि शिल्पिनः प्रत्यक्षं परोक्षं च रोजगारं प्राप्यन्ते। विद्युत्-अभावात् यन्त्राणि निष्क्रियं भवन्ति स्म, उत्पादनं च सर्वथा स्थगितम् अभवत्। क्लस्टरस्य प्रबन्धनिदेशकः (एमडी) दीपकजैनः अवदत् यत् तकनीकीदोषस्य मरम्मतार्थं अष्टदिनानि यावत् समयः अभवत् इति गम्भीरचिन्ताजनकः विषयः। सः अवलोकितवान् यत् अस्मिन् काले व्यापारिणां प्रतिदिनं लक्षरूप्यकाणां हानिः भवति, बहूनां शिल्पिनां कार्यं च बाधितं भवति स्म विद्युत्विभागस्य तकनीकीक्षमतासु सुदृढीकरणस्य आवश्यकतायां बलं दत्त्वा जैनः सुझावम् अयच्छत् यत् भविष्ये एतादृशी स्थितिः परिहरितुं आधुनिकसंसाधनानाम्, द्रुतमरम्मतस्य प्रणाली च विकसितव्या। क्लस्टरस्य आधारभूतसंरचना प्रायः १२ वर्षपूर्वं विकसिता इति कथ्यते। तस्मिन् समये विद्युत्केबलानि भूमिगतरूपेण स्थापयितुं अत्याधुनिकप्रौद्योगिक्याः उपयोगः भवति स्म।

## राशिफल

**मेष** : आज के दिन व्यवसायियों को अपने खर्चों के प्रति सावधानी बरतनी चाहिए। कड़ी मेहनत आपको प्रमोशन दिला सकती है।

**वृषभ** : आज के दिन स्ट्रेस से बचने के लिए मेडिटेशन का सहारा ले सकते हैं। दिन धन और वित्त के मामले में अच्छा रहेगा।

**मिथुन** : आज के दिन कार्य संतुष्टि में कमी हो सकती है। हो सकता है कि आप अपने लक्ष्य हासिल न कर पाएं।

**कर्क** : कॉन्फिडेंस में कमी आ सकती है। लाइफ पार्टनर के साथ बॉन्ड को स्ट्रांग बनाने के लिए आप डेट प्लान कर सकते हैं।

**सिंह** : प्रोडक्टिविटी आज के दिन रोज के मुकाबले नॉर्मल से स्लो रहेगी और यह आपको बेचैन कर देगी।

**कन्या** : आपकी कुछ योजनाएं गलत साबित हो सकती हैं और इसका भार आप पर भी आ सकता है।

**तुला** : आज के दिन व्यवसायी लोग अपना कार्यक्षेत्र बदलना चाह रहे होंगे। आज अपनी मेंटल हेल्थ का खास ख्याल रखना चाहिए।

**वृश्चिक** : आज के दिन व्यापार अच्छा चलेगा और आप अच्छे मुनाफे की भी उम्मीद कर सकते हैं।

**धनु** : आज के दिन कमाई नॉर्मल रहेगी और उम्मीद से कम रहेगी। दिन की शुरुआत में अपने करियर को लेकर आप स्ट्रगल करेंगे।

**मकर** : धैर्य रखने की कोशिश करें और कठोर शब्दों का प्रयोग न करें। स्टाफ संकट का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ** : करियर के नए अवसर आपके सामने आएंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं, जो लाभदायक रहेगी।

**मीन** : आज के दिन कुछ असफलताओं का सामना करना पड़ेगा लेकिन जैसे-जैसे दिन गुजरेगा चीजें बेहतर होंगी।


## ज्योतिष/वास्तु

# 10 जुलाई को ग्रह-नक्षत्रों का विशेष संयोग, इन 5 राशियों की बढ़ सकती हैं आर्थिक चुनौतियां

10 जुलाई को बनने वाला व्यतिपात योग कुछ राशियों के लिए आर्थिक मामलों में सावधानी का संकेत दे सकता है। जानें किन राशियों को निवेश, लेन-देन और महत्वपूर्ण फैसलों में सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

वैदिक ज्योतिष में व्यतिपात योग को उन विशेष योगों में गिना जाता है, जिनका प्रभाव व्यक्ति के निर्णयों, आर्थिक मामलों और दैनिक जीवन पर देखने को मिल सकता है। 10 जुलाई 2026 को बनने वाला यह योग कई राशियों के लिए सतर्कता का संकेत लेकर आ रहा है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस अवधि में जल्दबाजी में लिए गए फैसले, जोखिम भरे निवेश और अनावश्यक विवाद परेशानी का कारण बन सकते हैं। खासकर धन, करियर और स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि व्यतिपात योग का प्रभाव किन राशियों पर अधिक पड़ सकता है और इस दौरान उन्हें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

वैदिक ज्योतिष में व्यतिपात योग को 27 प्रमुख योगों में एक विशेष और संवेदनशील योग माना जाता है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार जब सूर्य और चंद्रमा एक खास खगोलीय स्थिति में पहुंचते हैं, तब इस योग का निर्माण होता है। इसे सामान्यतः ऐसे समय के रूप में देखा जाता है जब व्यक्ति की सोच, निर्णय क्षमता और कार्यों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। यही कारण है कि इस अवधि में महत्वपूर्ण फैसले लेने, नए कार्य शुरू करने या बड़े निवेश करने से बचने की सलाह दी जाती है। वर्ष 2026 में व्यतिपात योग 10 जुलाई को सुबह 6 बजकर 53 मिनट से शुरू होकर दोपहर 12 बजकर 27 मिनट तक रहेगा। हालांकि इसकी अवधि सीमित है, लेकिन ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि इसका प्रभाव पूरे दिन महसूस किया जा सकता है। इस दौरान मानसिक भ्रम, जल्दबाजी, गलत निर्णय और अनावश्यक विवादों की संभावना



बढ़ सकती है। इसलिए आर्थिक लेन-देन, यात्रा, निवेश और महत्वपूर्ण समझौतों में अतिरिक्त सावधानी बरतना लाभकारी माना जाता है। विशेष रूप से जिन लोगों की कुंडली में राहु और केतु का प्रभाव अधिक होता है, उन्हें इस समय सोच-समझकर कदम उठाने की सलाह दी जाती है।

**वृषभ राशि** – व्यतिपात योग के प्रभाव से वृषभ राशि के जातकों को आर्थिक मामलों में अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता पड़ सकती है। अचानक कोई बड़ा खर्च सामने आने से वित्तीय योजनाएं प्रभावित हो सकती हैं। परिवार या करीबी लोगों के साथ बातचीत करते समय शब्दों का चयन सोच-समझकर करें, क्योंकि छोटी सी बात भी विवाद का रूप ले सकती है। स्वास्थ्य के मामले में आंखों और पाचन तंत्र से जुड़ी परेशानियां परेशान कर सकती हैं। सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारियों को नजरअंदाज करने से रिश्तों में खटास आने की संभावना भी बन सकती है। इसलिए इस समय धैर्य और संतुलन बनाए रखना जरूरी रहेगा।

**मिथुन राशि**– मिथुन राशि वालों के लिए यह अवधि धन और करियर दोनों मामलों में सावधानी बरतने का संकेत दे रही है। अनावश्यक खर्च या गलत वित्तीय निर्णय नुकसान का कारण बन सकते हैं। परिवार के बड़े सदस्यों के साथ किसी पुराने विषय को लेकर मतभेद उभर सकते हैं, इसलिए संयमित व्यवहार रखना बेहतर होगा। कार्यक्षेत्र में लापरवाही या ध्यान भटकने से काम प्रभावित हो सकता है। मित्रों का चयन सोच-समझकर करें और नकारात्मक संगति से दूरी बनाए रखें। स्वास्थ्य के लिहाज से गले या श्वसन तंत्र से जुड़ी पुरानी समस्याएं दोबारा परेशान कर सकती हैं।

**सिंह राशि**– सिंह राशि के जातकों के लिए व्यतिपात योग कुछ महत्वपूर्ण कार्यों में रुकावटें पैदा कर सकता है। नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल पर अतिरिक्त दबाव का सामना करना पड़ सकता है, जबकि व्यापारियों की कोई महत्वपूर्ण डील अंतिम समय में अटक सकती है। परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य की सेहत को लेकर चिंता बनी रह सकती है, जिससे मानसिक तनाव बढ़ सकता है। संपत्ति खरीदने, बेचने या किसी बड़े आर्थिक समझौते से जुड़े फैसलों को फिलहाल टालना बेहतर रहेगा। इस समय धैर्य और व्यावहारिक सोच आपको कठिन परिस्थितियों से बाहर निकालने में मदद करेगी।

**मकर राशि**– मकर राशि वालों के लिए यह समय कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियों और दबाव को बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। काम का बोझ अपेक्षा से अधिक महसूस हो सकता है, जिससे मानसिक थकान बढ़ सकती है। व्यापार से जुड़े लोगों को लाभ की गति धीमी लग सकती है और उम्मीद के अनुरूप परिणाम न मिलने से निराशा हो सकती है। निजी रिश्तों में भी संवाद की कमी के कारण दूरियां बढ़ने की आशंका है। स्वास्थ्य के मामले में कान या उससे संबंधित किसी परेशानी को नजरअंदाज न करें। नियमित दिनचर्या और संयमित व्यवहार इस समय राहत दे सकते हैं।

**कुंभ राशि**– कुंभ राशि के जातकों को 10 जुलाई के आसपास नए कार्यों की शुरूआत करने से पहले अच्छी तरह विचार करने की आवश्यकता होगी। व्यापार में जल्दबाजी में लिए गए फैसले नुकसान का कारण बन सकते हैं। निवेश, साझेदारी या किसी नए प्रोजेक्ट को शुरू करने से पहले सभी पहलुओं की जांच करना जरूरी रहेगा। यात्रा से जुड़े मामलों में भी सावधानी रखें, क्योंकि अनावश्यक यात्राएं समय और धन दोनों की बर्बादी कर सकती हैं। मानसिक तनाव से बचने के लिए अपने कामों की स्पष्ट योजना बनाएं और किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय में जल्दबाजी न करें।

## आयरलैंड से पहला टी-20 आज, वैभव सूर्यवंशी आज इंटरनेशनल डेब्यू कर सकते हैं

# श्रेयस की कप्तानी में पहली बार उतरेगा भारत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेलफास्ट

भारत और आयरलैंड के बीच टी-20 सीरीज का पहला मैच आज शाम 6 बजे बेलफास्ट में खेला जाएगा। इससे श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारतीय टी-20 टीम के नए दौर की शुरूआत होगी। टीम 2028 ओलिंपिक गेम्स और टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियां शुरू करेगी।

यह सीरीज 15 साल के वैभव सूर्यवंशी के चयन के कारण भी खास है। वे 15 साल 71 दिन की उम्र में टीम इंडिया के लिए चुने गए सबसे युवा क्रिकेटर हैं। वैभव आज इंटरनेशनल डेब्यू कर सकते हैं। वैभव के पास सबसे कम उम्र में डेब्यू का मौका वैभव के पास सबसे कम उम्र में इंडिया डेब्यू का मौका है। डेब्यू कैप मिलने पर वैभव महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा (15 साल 239 दिन) का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। सचिन ने 16 साल 205 दिन की उम्र में डेब्यू किया था।



### वैभव का डेब्यू आसान नहीं, टॉप ऑर्डर में जगह नहीं

- वैभव सूर्यवंशी को प्लेइंग-11 में शामिल करना टीम मैनेजमेंट के लिए आसान नहीं होगा। इसके लिए किसी अनुभवी खिलाड़ी को बाहर बैठाना होगा या बल्लेबाजी क्रम बदलना पड़ेगा।
- भारत के मौजूदा टॉप ऑर्डर में संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन शामिल हैं। तीनों ने टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ फिफ्टी लगाई थी।
- संजू ने ओपनर के तौर पर 28 पारियों में 926 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। अभिषेक ने 43 पारियों में 1414 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 192.38 है।

श्रेयस भारतीय टी-20 टीम के 15वें कप्तान श्रेयस अय्यर पहली बार भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। वे टी-20 में टीम इंडिया के 15वें कप्तान बने हैं। उनसे पहले धोनी, रोहित, कोहली और सूर्यकुमार यादव टीम की कमान संभाल चुके हैं। श्रेयस ने पिछला टी-20 इंटरनेशनल 2023 में खेला था।

अगर वैभव को मौका देना है, तो सैमसन या अभिषेक को नीचे भेजना होगा। चौथे और 5वें नंबर पर श्रेयस अय्यर और तिलक वर्मा खेल सकते हैं। ऐसे में वैभव के लिए छठा स्थान ही बचता है। आमतौर पर छठा नंबर ऑलराउंडर के लिए रखा जाता है। भारत के पास शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर और सूर्यांश शेडगे के रूप में विकल्प हैं। इसलिए टीम संयोजन में बदलाव आसान नहीं होगा।

**गेंदबाजी में युवा खिलाड़ियों के पास मौका**– जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और वरुण चक्रवर्ती इस सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। ऐसे में हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा और प्रिंस यादव के पास खुद को साबित करने का मौका है। प्रसिद्ध कृष्णा ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे में 5 विकेट लिए थे। चोट से वापसी कर रहे हर्षित राणा भी दावेदार हैं।

भारत और आयरलैंड के बीच अब तक कुल 8 मुकाबले खेले गए हैं और सभी मैचों में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की है। दोनों टीमों के बीच आखिरी टी-20 मुकाबला 2024 में खेला गया था। ईशान किशन और वरुण चक्रवर्ती इस साल भारत के टॉप परफॉर्मर रहे हैं। ईशान ने 13 मैचों में 532 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 207 का रहा है, जबकि उन्होंने 1 शतक और 4 अर्धशतक लगाए हैं।

## स्पेन पर फीफा वर्ल्ड कप से बाहर होने का खतरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ स्पेन

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में आज रात स्पेन और फ्रांस की टीमें खेलते दिखाई देंगी। पहला मैच स्पेन और नॉर्वे के बीच होगा। दोनों टीमें पहले ही नॉकआउट के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं। इस मैच में फ्रांस को स्टार खिलाड़ी किलियन एम्बापे से गोल की उम्मीद होगी। वहीं नॉर्वे को फीफा वर्ल्ड कप में किसी यूरोपीय टीम के खिलाफ पहली की तलाश है। टूर्नामेंट की दावेदार मानी जा रही स्पेन पर फीफा वर्ल्ड कप से बाहर होने का खतरा है। उसे उरुग्वे के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अगर वह हार जाती है और काबो वर्डे सऊदी अरब से जीत जाती है, तो स्पेन टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। आज रात 6 अहम मुकाबले खेले जाएंगे। ये सभी मैच नॉकआउट के लिहाज से बेहद जरुरी हैं।

## भारत ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया

# विमेंस वर्ल्डकप में सेमीफाइनल की उम्मीदें कायम, शेफाली का अर्धशतक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मैनचेस्टर



विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हराकर सेमीफाइनल की उम्मीदों को कायम रखा। गुरुवार को मैनचेस्टर में खेले गए मुकाबले में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 136 रन बनाए। जवाब में भारत ने शेफाली वर्मा के अर्धशतक की बदौलत 16.5 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

भारत के लिए शेफाली वर्मा ने 34 गेंदों में 53 रन की पारी खेली। जेमिमा रोड्रिग्स ने 26 और यास्तिका भाटिया ने 23 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर 13 रन बनाकर नाबाद रहीं।

बांग्लादेश की ओर से ऋतु मोनी ने 2 विकेट लिए, जबकि मरुफा अख्तर, राबेया खान और नाहिदा अख्तर को 1-1 सफलता मिली। भारत ने यह मुकाबला 19 गेंद बाकी रहते जीत लिया।

इससे पहले, बांग्लादेश की ओर से जुआरिया फिरदौस (33) और कप्तान निगार सुल्ताना (32) ने अहम पारियां खेलीं। भारत ने शुरूआती ओवरों में चार कैच छोड़े, लेकिन बाद में वापसी की। राधा यादव ने 3, श्री चरणी ने 2, जबकि रेणुका सिंह और नंदिनी शर्मा ने 1-1 विकेट लिया। भारत पॉइंट्स टेबल में 3 जीत के साथ 6 पॉइंट्स लेकर दूसरे स्थान पर बना हुआ है। अगला मुकाबला 28 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ है।

## खबर एक नजर...

### 20 माह बाद दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

**उज्जैन।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 माह बाद न्यायालय ने 20 साल सलाखों में रहने की सजा सुनाई है। बालिका के दस्तयाब होने पर उसने मर्जी के खिलाफ गलत काम होना बताया था। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि मामला बड़नगर तहसील का है। 14 अक्टूबर 2024 को तहसील में रहने वाली बालिका घर से मामी के यहां जाने का बोलकर निकली थी और लापता हो गई थी। परिवार से सभी जगह तलाश करने के बाद दूसरे दिन अज्ञात युवक द्वारा बहला-फुसला कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। कुछ दिन बाद बालिका पुलिस ने खोज लिया था। बालिका के बयान दर्ज करने पर उसने बताया था कि अंकुश पिता शंकरलाल खराडी निवासी ग्राम खेड़ा बदनावर उसे शादी का झांसा देकर सातरूंडा माता मंदिर ले गया था और शादी कर उसे गुजरात ले गया था। जहां उसकी मर्जी के खिलाफ 3 से 4 बार गलत काम किया। बालिका के बयान पर पुलिस ने धाराओं का इजाफा कर अंकुश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। 20 माह तक चली सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश राम बिलास गुप्ता (पास्को एक्ट) बड़नगर द्वारा फैसला सुनाते हुए आरोपी को 20 साल की सजा और 11 हजार अर्थदंड से दंडित किया गया। प्रकरण में प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खांडेगर के मार्गदर्शन में भारती उज्जालिया विशेष लोक अभियोजक द्वारा पैरवी की गई।

### खेत को लेकर 2 परिवारों में चले पत्थर और लात-घूंसे

**उज्जैन।** महिदुपर के ग्राम महू रामलाल पिता जोगीचंद्र 60 साल और भीमा पिता धन्ना डाबी 60 साल के बीच खेत को लेकर विवाद हो गया। दोनों के परिवार में पत्थर और लात-घूंसे चले। मामला महिदपुर थाना पुलिस के पास पहुंचा तो दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष एक ही परिवार के है और खेत अपना होना बता रहे है। रामलाल का कहना था कि अपनी पत्नी, पुत्री, जमाई और मामा सुसर के साथ खेत में पत्थर बीनने का काम कर रहे थे। तभी भीमा डाबी और उसकी पत्नी ने आकर खेत अपना बताते हुए लात-घूंसों से मारपीट की। वहीं भीमा डाबी का आरोप था कि खेत उसका है, रामलाल से खेत में आने का कारण पूछा तो सभी ने पथराव कर दिया। पुलिस के अनुसार मामला जांच में है। तहसील कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर खेत किसका है, इस बात का पता लगाया जायेगा।

### स्कूटी सवार दंपति को थार गाड़ी ने मारी टक्कर

**उज्जैन।** अब्दालपुरा आरएमडी मार्ग पर रहने वाला सब्बीर पिता नूर मेव 55 साल पत्नी अकीला बी के साथ स्कूटी पर सवार होकर घट्टिया से उज्जैन लौट रहा था। उसी दौरान रास्ते में पीछे से आई अज्ञात थार गाड़ी ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दंपति घायल हो गये। घट्टिया थाना पुलिस ने घायल दंपति को अस्पताल पहुंचाया और अज्ञात थार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। दुर्घटना का एक मामला घट्टिया थाना क्षेत्र के सत्रह मील मार्ग पर हुआ। बाइक सवार अर्जुन पिता बाबूलाल चौहान निवासी तेजाजी चौक घट्टिया को ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएफ 9850 ने टक्कर मार दी। पुलिस ट्रक नम्बर के आधार पर चालक का पता लगा रही है।

### हरसिद्धी चौराहा पर रोती मिली साढ़े तीन साल की बालिका

**उज्जैन।** अलीराजपुर से महाकाल दर्शन करने आया परिवार गुरूवार सुबह मंदिर से कर्कराज पार्किंग के आगे रहने वाले परिचित के यहां मिलने पहुंचा था। इस दौरन परिवार की साढ़े तीन वर्षीय बालिका अचानक लापता हो गई। परिवार ने आधे घंटे तक तलाश की, नहीं मिलने पर डायल 112 पर कॉल किया। बालिका के लापता होने पर थाना प्रभारी गगन बादल ने टीम को अलर्ट किया और बालिका की तलाश शुरू की गई। करीब 45 मिनट बाद हरसिद्धी चौराहा पर महाकाल मंदिर सुरक्षाकर्मी सतीश प्रजापति को एक बालिका रोती हुई दिखाई दी। उसने तत्काल हरसिद्धी चौराहा पाइंट पर डायल 112 को जानकारी दी। प्रधान आरक्षक मुनेन्द्रसिंह भदौरिया और पायलेट सतीश बैरागी बालिका को थाने लेकर पहुंचे। उक्त बालिका को पुलिस पूर्व से तलाश कर रही थी। बालिका के मिलने पर परिवार को सूचना दी गई और सकुशल मिली बालिका को सौंपा गया। बालिका खेलते समय अकेली निकल गई थी। उसके मिलने पर परिवार ने पुलिस और महाकाल मंदिर सुरक्षाकर्मी का आभार माना।

### राज्य साइबर सेल टीम ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**उज्जैन।** सेफ क्लिक 2.0 अभियान 24 जून से 8 जुलाई तक चलाया जा रहा है। जिसमें साइबर सुरक्षा को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गो को जागरूक करने के लिये राज्य साइबर सेल के साथ पुलिस मैदान में उतर चुकी है। गुरूवार को राज्य साइबर सेल की टीम उपपुलिस अधीक्षक लीना मारोठ के मार्गदर्शन में तराना स्थित सांदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल और सरस्वती शिशु मंदिर पहुंची। जहां 700 से अधिक छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि सोशल मीडिया का उपयोग करते समय प्रोफाइल लॉक, टू स्टेप वेरिफिकेशन का ध्यान रखना है। आर्थिक साइबर अपराधों के संबंध में एटीएम का उपयोग करते समय सावधानी, वन टाइम पासवर्ड किसे से शेयर नहीं करने, एपीके फाइल इंस्टॉल नहीं करने, फर्जी स्टॉक मार्केट में निवेश, डिजिटल अरेस्ट, आनलाइन पार्ट टाइम जॉब और ऑनलाइन टॉस्क के नाम पर होने वाली ठगी को लेकर जागरूक किया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 228-2 | 588-1 |
| मेन बाजार | 460-0 | 125-8 |
| मिलन डे | 670-3 | 146-1 |
| मिलन नाइट | 590-4 | 115-7 |

1 7 8

**समाधि खोदकर निकाले गये साधु की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुई पुष्टि, हिरासत में मारपीट करने वाला**

# सीने पर लगी चोंट से हुई थी गंगेश्वरगिरी की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



समाधि खोदकर निकाले गये साधु गंगेश्वरगिरी की लाश का मामला हत्या में तब्दील हो गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीने पर लगी चोंट से मौत होना सामने आया है। पुलिस ने मारपीट करने वाले को हिरासत में लिया है। अब साक्ष्य छुपाकर समाधि देने वालों का पता लगाया जा रहा है।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि 17 जून को जावरा के रहने वाले अनिल कुमार जोशी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके भाई सुनील ने 2010 में सन्यास ग्रहण कर लिया था और गंगेश्वरगिरी बन गया था। वर्तमान में वह मंगलनाथ मंदिर के सामने कुटिया में डेढ़ वर्ष से निवासरत था। 10 जून से संपर्क नहीं हो रहा है। आखिरी बार मोबाइल पर हुई बातचीत के दौरान विवाद की आवाज सुनाई दी थी। मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की थी। मंगलनाथ मंदिर के सामने कुटिया पहुंचने पर पता चला था कि 10 जून की रात गंगेश्वरगिरी की मृत्यु हो गई थी। जिसे कुटिया के पीछे समाधि दी गई है। मामला संगीन होने पर प्रशासनिक अनुमति के बाद 18 जून को समाधि खोदकर शव निकाला गया था और पोस्टमार्टम कराया गया था। 6 दिन बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने पर पता चला कि सीने में लगी चोंट के चलते मौत हुई है। रिपोर्ट के आधार पर मृतक गंगेश्वरगिरी की मोबाइल डिटेल खंगाली गई। उसने 10 जून को डायल 112 पर कॉल किया था और बताया था कि मामूली विवाद होने पर उसके साथ कौशिक पिता शशि भूषण सोनी निवासी शिवांश पैराडाइज द्वारा पानी की केन से मारपीट की गई है, सीने में दर्द हो रहा है। कॉल के दौरान गंगेश्वरगिरी को थाने आकर शिकायत दर्ज कराने की बात कहीं गई थी लेकिन वह नहीं आया था। कॉल डिटेल के आधार पर कौशिक सोनी को हिरासत में लिया गाा है। जिससे पूछताछ में विवाद होने पर पानी की केन से मारपीट करना कबूल किया। मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपित को गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

**शराब नहीं लाने पर चिमटे से मारा था**

हिरासत में लिये गये कौशिक सोनी ने पूछताछ में बताया कि वह बाबा की कुटिया पर आता-जाता था। घटना वाले दिन दूध और घी लेकर पहुंचा था। बाबा ने शराब लाने के लिये कहा। जिसके चलते विवाद होने पर बाबा ने पहले चिमटे से मार दिया था। गुस्से में उसने पानी की केन फेंककर मारा था। थाना प्रभारी के अनुसार सीने में लगी चोंट से हुई मौत के बाद गंगेश्वरगिरी के संबंध में पुलिस को सूचना ना देकर साक्ष्य छुपाते हुए समाधि देने वालों की जानकारी जुटाई जा रही है उनके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। कुटिया में शराब और नशा किया जाना भी सामने आया है।

**नीमच के महाराज पर लगा था आरोप**

गंगेश्वरगिरी से संपर्क नहीं और गुमशुदा होने पर उज्जैन आये भाई अनिल जोशी ने हत्या का आरोप नीमच के महाराज भास्करानंद और उसके चेलो पर लगाया था। अनिल जोशी का कहना था कि भास्करानंद ने भाई को दीक्षा दी थी, कुछ साल बाद दोनों के रिश्ते में दरार आ गई थी। गंगेश्वरगिरी प्रयागराज कुंभ के बाद उज्जैन मलानी बाबा के कुटिया में रहने आ गया था। भास्करानंद हत्या में शामिल हो सकता है।

**कार-आटो से आये 8 लोगों ने चाकू-डंडे से किया हमला**

# आगररोड पर विवाद में सात घायल, हमलावरों की तलाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मकान निर्माण का कार्य कर लौट रहे ठेकेदार, मिस्त्री और मजदूरों का रास्ता रोक कार और आटो से आये 7-8 लोगों ने चाकू-डंडे से हमला कर दिया। विवाद में 7 घायल हो गये। पुलिस ने 2 नामजद और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

घट्टिया तहसील के दुर्गा कालोनी में रहने वाले अनिस पिता राधेश्याम गेहलोत की शिकायत पर राजस्थानी ढाबे के आगे आगररोड पर हुए हमले के मामले में शिव दायमा निवासी पुरीखेड़ा भैरवगढ़ और अजय गरासिया निवासी पानबडोदिया सहित 5-6 अन्यों के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 118 (1), 351 (3), 324 (4), 3(5) का मामला दर्ज किया है। अनिस ने बताया कि हमले में उसके साथ राकेश पिता रामप्रवेश, विकास चावड़ा निवासी घट्टिया, विशाल कछावा, निलेश चौहान निवासी निपानिया गोयल और पिंटू कछावा घायल है। पुलिस ने घायल राकेश के बयान दर्ज किये। उसने बताया कि आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के पास मकान का निर्माण कार्य कर रहे है। काम खत्म होने के बाद ठेकेदार राहुल के साथ बाइक से वापस लौट रहे थे। तभी अर्टिका कार और आटो में सवार होकर आये 7-8 लोगों ने रास्ता रोका और पूछा बंजारा समाज के हो। बंजारा समाज से होना बताया तो उन्होंने चाकू-डंडे से हमला किया। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले हमलावरों का बंजारा समाज के कुछ लोगों से विवाद हुआ था। उसी विवाद की शंका में हमला किया गया है। चिमनगंज थाना एसआई लक्ष्मण उईके ने बताया कि आटो और कार का नम्बर ट्रेस आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्त में आने पर मारपीट का सही कारण सामने आ पायेगा।

**हत्या के प्रयास की झूठी साजिश का था आरोपी**

# मोहर्रम मनाने आया था 7 साल से फरार स्थाई वारंटी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



गोलीकांड को अंजाम देकर हत्या के प्रयास की झूठी साजिश रचने के मामले में सात सालों से फरार चल रहा स्थाई वारंटी मोहर्रम मनाने घर आया था। पुलिस ने खबर मिलने पर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि वर्ष 2018 में अजहर पिता अफजल निवासी दिलदारपुरा को गोली लगने के मामले में धारा 307, 341, 506, 34 का प्रकरण दर्ज किया गया था। घायल अजहर ने बताया था कि बाइक से रिक्शा टकराने की बात पर युनूस, युसफ और शरीफ ने रास्ता रोक देशी कट्टे से हमला किया है। पुलिस जांच में हत्या के प्रयास का मामला साजिश होना सामने आया था। जिन पर गोली चलाने का आरोप लगाया गया था, वह घटना में शामिल नहीं थे। जिसके चलते गोली लगाने पर घायल अजहर के साथ जाकीर पिता गुल्लु अली कोठार निवासी दिलदारपुरा और अन्य साक्षियों के खिलाफ धारा 120 बी, 182, 211 भादवि के साथ 25/27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया था। अजहर और उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन जाकीर अली कोठार लगातार फरार चल रहा था। उसके खिलाफ न्यायालय से स्थाई वारंट जारी हो चुका था। बुधवार रात खबर मिली कि फरार स्थाई वारंटी मोहर्रम मनाने के लिये घर आया हुआ है। जिसकी गिरफ्तारी के लिये एसआई सुखसेन अरियाम, प्रधान आरक्षक विजयसिंह, आरक्षक आदिराम, प्रवीण, राघव, समरथ पाटीदार को रवाना किया। कस्बे में तलाश कर उसे हिरासत में लिया गया। जिसे गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

**स्वैच्छिक तबादलों के लिए आवेदन करने वाले शिक्षकों को बड़ी राहत**

# पति-पत्नी के आधार पर स्थानांतरण का लाभ लेने के लिए मैरिज सर्टिफिकेट जमा करना अनिवार्य नहीं होगा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

स्कूल शिक्षा विभाग ने स्वैच्छिक तबादलों के लिए आवेदन करने वाले शिक्षकों को बड़ी राहत दी है। अब पति-पत्नी के आधार पर स्थानांतरण का लाभ लेने के लिए विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र (मैरिज सर्टिफिकेट) जमा करना अनिवार्य नहीं होगा। लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) को निर्देश जारी किए हैं। नए आदेश के अनुसार, यदि किसी शिक्षक के पास मैरिज सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं है, तो वह उसके स्थान पर समग्र आईडी, सत्यापित सेवा पुस्तिका (सर्विस बुक) की प्रति अथवा अन्य उपयुक्त दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेगा।

विभाग का यह निर्णय उन शिक्षकों के लिए राहत भरा साबित होगा, जो केवल विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र के अभाव में स्वैच्छिक तबादले के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे थे। अब वैकल्पिक दस्तावेजों के आधार पर भी उनके आवेदन स्वीकार किए जा सकेंगे।

स्कूल शिक्षा विभाग का मानना है कि इस व्यवस्था से स्थानांतरण प्रक्रिया अधिक सरल और व्यावहारिक बनेगी तथा पात्र शिक्षकों को अनावश्यक प्रशासनिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि नए प्रावधान के अनुसार आवेदन स्वीकार करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किए हैं। इससे उन शिक्षकों को राहत मिलेगी, जिनके पास विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र नहीं है और वे आवेदन नहीं कर पा रहे थे। बता दें कि 6 जून को जारी तबादला नीति में विवाह प्रमाण पत्र की अनिवार्यता का जिक्र नहीं था, लेकिन ऑनलाइन पोर्टल पर मैरिज सर्टिफिकेट अपलोड करना जरूरी बताया जा रहा था। इस कारण बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं परेशान थे। मामला सामने आने के बाद विभाग ने स्पष्टीकरण जारी कर नियम स्पष्ट कर दिया। इधर समस्याओं को लेकर राज्य अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव सहित अलग-अलग शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह से मुलाकात की।

**बड़ी संख्या में शिक्षक पहले ही प्रक्रिया से बाहर हो चुके**

मैरिज सर्टिफिकेट से जुड़ी समस्या दूर होने के बावजूद स्वैच्छिक तबादला प्रक्रिया में कई तकनीकी और नीतिगत दिक्कतें बनी हुई हैं। इस कारण कई शिक्षक आवेदन पूरा नहीं कर पा रहे हैं। शिक्षक संगठनों के अनुसार 90 प्रतिशत ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता, जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों पर तबादला प्रतिबंध और तीन वर्ष की सेवा अवधि जैसी शर्तों के कारण बड़ी संख्या में शिक्षक पहले ही प्रक्रिया से बाहर हो चुके हैं। इसके अलावा दिव्यांग और गंभीर बीमारी से पीड़ित शिक्षकों को भी पोर्टल की तकनीकी खामियों का सामना करना पड़ रहा है।

# कारतूस लगी रिवाल्वर के साथ पुलिस हिरासत में आया बदमाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



रिवाल्वर लेकर घूम रहे बदमाश की खबर मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की और उसे हिरासत में लिया। रिवाल्वर में कारतूस लगा मिला। बदमाश को पूछताछ के लिये न्यायालय से एक दिन की रिमांड पर लिया गया है।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि बुधवार रात खबर मिली थी कि देवास बायपास फोरलेन अंडरपास मार्ग पर एक बदमाश रिवाल्वर लेकर घूम रहा है, जो गंभीर वारदात को अंजाम दे सकता है। बदमाश की धरपकड़ के लिये एसआई हेमंत जादौन, एएसआई राजेश जाट, प्रधान आरक्षक अनिल आर्य, धर्मेन्द्र सूर्यवंशी को रवाना किया गया। घेराबंदी में संदिग्ध को पकड़ा गया और तलाशी ली गई तो उसके पास से रिवाल्वर बरामद हो गई। जिसमें एक जिंदा कारतूस लगा हुआ था। रिवाल्वर के वैध दस्तावेजों की जानकारी मांगने पर नहीं मिले। थाने लाकर पूछताछ करने पर ग्राम गोंदिया का रहने वाला प्यारसिंह पिता कन्हैयालाल मोंगिया होना सामने आया। जिसके खिलाफ पूर्व में 6 मामले दर्ज होना पाये गये। रिवाल्वर मिलने पर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर गुरूवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से एक दिन की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। बताया जा रहा है कि बदमाश प्यारसिंह का भाई रूपकिशोर पर अपराधिक प्रवृति का था, जिसके खिलाफ 3 दर्जन से अधिक मामले दर्ज थे। लेकिन कुछ साल पहले उसकी मौत हो चुकी है। फिलहाल बदमाश से रिवाल्वर के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

# रात 12 बजे दुर्घटना, ई-रिक्शा यात्री की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ई-रिक्शा में यात्रा कर रहे यात्री की बुधवार-गुरूवार रात 12 बजे हुई दुर्घटना में मौत हो गई। चालक घायल हुआ है। मृतक की पहचान उसके पास मिले दस्तावेजों से की गई। परिवार के आने पर गुरूवार को पोस्टमार्टम कराया गया।

माधवनगर थाना पुलिस को बुधवार-गुरूवार रात 12.30 बजे खबर मिली थी कि मक्सीरोड सब्जी मंडी गेट के सामने ई-रिक्शा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है। दुर्घटना में रिक्शा चालक लीलाधर पिता कनीराम सोलंकी निवासी कोठी लाइन घायल हुआ है। रिक्शा में सवार एक व्यक्ति की मौत हुई है। पुलिस ने दोनों को चरक अस्पताल पहुंचाया और घायल रिक्शा चालक की शिकायत पर टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। वहीं मामले में मृतक की पहचान करने के लिये तलाशी ली गई। दस्तावेज मिलने पर पता चला कि मृतक सुमेर पिता रामेश 35 साल निवासी ग्राम नलखेड़ा झारडा का रहने वाला है। रिक्शा चालक लीलाधर ने बताया कि आगररोड नाके से बैठाया था। उसे गणेशपुरा जाना था। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी। गुरूवार सुबह परिजन उज्जैन पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि सुमेर उपचार करने के लिये उज्जैन आया था और गणेशपुरा में परिचित के यहां रात रूकने के लिये जा रहा था। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू की गई है। रिक्शा चालक ने पीछे से हुई टक्कर के चलते वाहन नहीं देखा था, जो मौके से भाग निकला था।

**मानको की अनदेखी वाले संस्थानों को सील करने की कार्यवाही होगी**

# फायर सेफ्टी जांच की आंच कोचिंग संस्थानों तक पहुंची

## निगम के दल ने कोचिंग संस्थानों पर किया फायर सेफ्टी मानकों का निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



देश के अन्य हिस्सों में हुए अग्नि के मामलों को लेकर शहर में भी अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गुरूवार को कोचिंग संस्थानों पर फायर सेफ्टी नियमों के पालन की जांच की गई है। सनशाइन टावर स्थित आकाश कोचिंग इंस्टिट्यूट, दुर्गा प्लाजा के सामने स्थित कौटिल्य एकेडमी एवं गारंटी सक्सेस पर फायर सेफ्टी मानकों की जांच की गई जिसमें फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र, अग्निशमन ऑडिट रिपोर्ट भवन अनुज्ञा एवं विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्रों का परीक्षण किया गया तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई।

फायर ऑफिसर लक्ष्मण प्रसाद साहू के अनुसार 15 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले सभी भवनों, एक तल पर 500 वर्ग मीटर से अधिक निर्मित क्षेत्रफल वाले भवनों, बड़े होटल, अस्पताल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मॉल, मल्टीप्लेक्स, सिनेमा हॉल, मैरिज गार्डन एवं अन्य मिश्रित अधिभोग वाले भवनों में अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। वहीं 50 से कम बिस्तरों वाले होटल एवं अस्पतालों को पंजीकृत फायर इंजीनियर का प्रमाणीकरण प्रस्तुत करना होगा।

**इन यंत्रों की जांच की**

फायर सेफ्टी जांच के दौरान संबंधित कोचिंग संस्थानों में अग्नि शमन यंत्रों की उपलब्धता जांची गई,जिसमें फायर अलार्म एवं स्मोक डिटेक्टर सिस्टम, फायर हाइड्रेंट एवं स्प्रिंकलर सिस्टम, आपातकालीन निकास मार्ग, इमरजेंसी लाइटिंग, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था, आपदा प्रबंधन योजना, तथा फायर एनओसी से संबंधित अभिलेखों की जांच भी की गई।

**महाकाल क्षेत्र के होटलों में जांच**

निगम के दल ने तहसीलदार मालती राय की उपस्थिति में महाकाल चौराहा स्थित होटल केसर लक्ष्मी, प्लेजर लैंडमार्क, होटल उत्सव, होटल परी अन्य प्रतिष्ठानों में फायर एनओसी, भवन अनुज्ञा एवं विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्रों का परीक्षण किया गया।

### स्नान पूर्णिमा पर पवित्र तीर्थो के जल से होगा भगवान जगन्नाथ का महाअभिषेक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

इस्कॉन मंदिर में आगामी 29 जून को भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी का दिव्य स्नान पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष यह धार्मिक उत्सव मध्यप्रदेश शासन के 'जलगंगा संवर्द्धन अभियान' के समापन समारोह के रूप में भी आयोजित हो रहा है।

इस बार का विशेष आकर्षण यह है कि प्रदेशभर में जल संरक्षण अभियान के तहत जिन पवित्र नदियों, तीर्थो और सरोवरों का जल सहेजा गया है, उसी पावन जल से भगवान जगन्नाथ का महाअभिषेक संपन्न होगा। इस्कॉन उज्जैन के कम्यूनिकेशन डायरेक्टर राघव पंडित दास ने बताया कि स्नान यात्रा महोत्सव का शुभारंभ 29 जून को प्रातः 7:30 बजे पांडु-विजय कीर्तन के साथ होगा। भगवान को स्नान वेदी पर विराजमान कर मंगल आरती की जाएगी और फिर दिव्य अभिषेक प्रारंभ होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com